लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 128, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 27.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 07 :15

हल्द्वानी, रविवार, 29 जून 2025

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में रहे शामिल

ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...। जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था।

शुभांशु से बोले प्रधानमंत्री, आपकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत

बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत का प्रतीक है तथा यह भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है।

दोनों के बीच 18 मिनट तक चली बातचीत के अंत में प्रधानमंत्री ने भारत माता की जय का नारा लगाया, तो शुक्ला ने भी उनके साथ नारा लगाया और इस तरह अंतरिक्ष स्टेशन भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वीडियो लिंक के जरिए बातचीत में शुक्ला से कहा कि शुभांशु, आज आप भारत की धरती से सबसे दूर हैं, लेकिन हर भारतीय के दिल के सबसे करीब हैं। आईएसएस 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की परिक्रमा कर रहा है।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री से कहा कि मेरी अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की भी यात्रा है। वह इन नए अनुभवों को स्पंज की तरह आत्मसात कर रहे हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने अनुभव साझा करते हुए अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि यहां सब कुछ अलग है। उन्होंने कहा कि हमने एक साल तक प्रशिक्षण लिया और विभिन्न प्रणालियों के बारे में सीखा... लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया...। मोदी ने शुक्ला से कहा कि आपकी यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना होगा। और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भारतीय चंद्रमा पर उतरे।

शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से बहुत भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

साथियों में साझा किया गाजर का हलवा, आम रस

शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर अपने 14 दिन के प्रवास की शुरुआत करते हुए गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस का लुत्फ उठाया। शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लेकर आया हूं। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए लोग भारतीय व्यंजनों का आनंद लें। सभी को यह पसंद आया।

एक नजर

उत्तराखंड में 24 और 28 जुलाई को पंचायत चुनाव

देहरादून। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की संशोधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी। मतदान की नई तिथियां 24 और 28 जुलाई तय की गई हैं। इसके साथ ही राज्य में पुन: आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मतदान 24 और 28 जुलाई को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। (विस्तृत पेज-2)

चिकित्सक को डिजिटल अरेस्ट रख 3 करोड़ ठगे

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में साइबर अपराधियों ने धन शोधन घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगाकर 70 वर्षीय एक चिकित्सक को आठ दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर उससे तीन करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि मई में पीड़िता को फोन आया, कॉलर ने खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी अमित कुमार बताया। उसकी निजी जानकारी के साथ एक सिम कार्ड खरीदे जाने की बात कही।

संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।

विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

सेवा और मानवता भारत का मूल भाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सेवा और मानवता इसकी मूल भावना के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब दुनिया ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने का मार्ग चुना था, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की ताकत से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा है। सेवा का हमारा तरीका परमार्थ से प्रेरित है।

विधायक व भाजपाइयों ने चौकी घेरी, एसआई व सिपाही लाइन हाजिर

कालाढूंगी। कोटाबाग में पुलिस की पिटाई से आहत भाजपा नेता विशन सिंह नगरकोटी के बेटे ने शुक्रवार रात चौकी के बाहर ही जहर खाकर जान दे दी। आक्रोशित लोगों ने शनिवार को भाजपा विधायक बंशीधर भगत और भाजपाइयों के साथ कोटाबाग पुलिस चौकी का घेराव कर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा।

माहौल बिगड़ता देख कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र भी आक्रोशित लोगों को शांत नहीं करा सके। लोग चौकी से तब हटे, जब एसपी सिटी ने चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया और आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने के साथ चौकी में कार्यरत सभी कर्मियों का तबादला कर दिया।

(विस्तृत पेज-3)

उत्तराखंड में आज से तीन दिन भारी वर्षा का रेड अलर्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने की अपील-सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें

अमृत विचार: मौसम विभाग ने नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार में कुछ जगहों पर आज, कल और अगले दिन (29, 30 जून और 1 जुलाई) अत्यधिक बारिश होने की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बिजली चमकने और वर्षा के तीव्र से अत्यंत तीव्र दौर चलने की संभावना है जबकि दो जुलाई तक अन्य जिलों में ऑरेन्ज और यलो अलर्ट प्रभावी रहेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में अत्यधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर लोगों से अनुरोध करते हुए कहा है कि सभी लोग सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। मुख्यमंत्री धामी ने आज राज्य में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में शामिल होने जा रहे परीक्षार्थियों से भी मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा और परीक्षा दोनों ही सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं। सभी जिलाधिकारियों को अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है।

अब राज्य में 24 व 28 जुलाई को होंगे पंचायत चुनाव

संशोधित अधिसूचना जारी, दो जुलाई से नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत, दो चक्रों में होगा मतदान और 31 जुलाई को होगी मतगणना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की संशोधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी। मतदान की नयी तिथियां 24 और 28 जुलाई तय की गयी हैं। इसके साथ ही राज्य में पुनः आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है।

संशोधित अधिसूचना के अनुसार पंचायत चुनावों के लिए मतदान दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। बिरेन्द्र सिंह बुटोला बनाम उत्तराखंड राज्य एवं अन्य रिट याचिकाओं पर न्यायालय के 23 जून के स्थगन आदेश के फलस्वरूप राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की अधिसूचना वापस ले ली थी। अब उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश समाप्त होने के बाद शनिवार को पंचायत चुनाव की तारीखों को संशोधित रूप में निर्गत कर दिया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि राज्य के 12 (बारह) जिलों (जनपद हरिद्वार को छोड़कर) की समस्त ग्राम पंचायतों के सदस्यों, ग्राम पंचायतों के प्रधानों, क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों एवं जिला पंचायतों के सदस्यों के निर्वाचन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के बारे में बताया कि,

नामांकन दो जुलाई से पांच जुलाई तक पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक किया जा सकेगा। वहीं, नामांकन पत्रों की जांच सात से नौ जुलाई तक पूर्वाह्न 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक की जाएगी। नाम वापसी 10 व 11 जुलाई को पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक की जा सकेगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त के अनुसार, प्रथम चरण के चुनाव के लिए चुनाव चिह्न आवंटन प्रक्रिया 14 जुलाई को और जिन क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान होगा, वहां 18 जुलाई को चिह्न आवंटित किए जायेंगे। श्री कुमार ने बताया कि मतदान दो चरणों में दिनांक 24 और 28 जुलाई को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। वहीं दोनों चरणों की मतगणना 31 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

चार पद- अलग-अलग रंग का मत पत्र

ग्राम पंचायत सदस्य- सफेद
प्रधान- हरा
क्षेत्र पंचायत सदस्य- नीला
जिला पंचायत सदस्य- गुलाबी

राज्य में इस बार 4777072 मतदाता करेंगे फैसला

स्त्री मतदाता- 2310996
पुरुष मतदाता- 2465702
अन्य मतदता- 374

पंचायत चुनाव में इतनों की दावेदारी

सदस्य ग्राम पंचायत- 55587
प्रधान, ग्राम पंचायत- 7499
सदस्य, क्षेत्र पंचायत- 2974
सदस्य, जिला पंचायत- 358
(नोट : विकास खंडों की संख्या 89 है)

इतनी सरकारी मशीनरी लगेगी चुनाव में

मतदान स्थल पर पीठासीन अधिकारी- 11849
मतदान स्थल पर मतदान अधिकारी- 47910
सेक्टर, जोनल, नोडल मजिस्ट्रेट, प्रभारी अधिकारी-450
मतदान स्थलों पर सुरक्षा कर्मी- 35700

इससे ज्यादा चुनावी व्यय नहीं कर पाएंगे प्रत्याशी

सदस्य ग्राम पंचायत- 10000
प्रधान, ग्राम पंचायत- 75000
सदस्य, क्षेत्र पंचायत- 75000
सदस्य, जिला पंचायत- 200000

यह रहेगा चुनावी कार्यक्रम

पहला चक्र

नामांकन - 2 जुलाई से 5 जुलाई तक (सुबह 8 से शाम 4 बजे तक)
नामांकन पत्रों की जांच- 7 जुलाई से 9 जुलाई तक (सुबह 8:00 बजे से कार्य समाप्ति तक)
नाम वापसी- 10 जुलाई व 11 जुलाई (सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक)
सिंबल आवंटन- 14 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक
पंचायत मतदान होगा - 24 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक

दूसरा चक्र

नामांकन - 2 जुलाई से 5 जुलाई तक (सुबह 8 से शाम 4 बजे तक)
नामांकन पत्रों की जांच- 7 जुलाई से 9 जुलाई तक (सुबह 8:00 बजे से कार्य समाप्ति तक)
नाम वापसी- 10 जुलाई व 11 जुलाई (सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक)
सिंबल आवंटन- 18 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक
पंचायत मतदान होगा - 28 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
(दोनों चक्रों के चुनाव की मतगणना 31 जुलाई को सुबह 8 बजे से शुरू होगी)

प्रदेश में इतने रहेंगे मतदान केंद्र/स्थल

मतदान केंद्र- 8276
मतदान स्थल- 10529

67 प्रेक्षक किए गए नियुक्त

सामान्य प्रेक्षक- 55
आरक्षित प्रेक्षक- 12

पिछले चुनाव से इस चुनाव 10.57 फीसदी बढ़े मतदाता

2019 में मतदाता : स्त्री- 2112932 पुरुष- 2207347 अन्य- शून्य
2025 में मतदाता, स्त्री- 2310996 पुरुष- 2465702 अन्य- 374
मतदाताओं में बढ़ोत्तरी, स्त्री- 198064 पुरुष- 258355 अन्य- 374
(2019 में कुल 4320279 मतदाता थे, वर्ष 2025 में 456793 मतदाता बढ़े हैं)

एनडी तिवारी का रिकॉर्ड तोड़ेंगे सीएम धामी: भट्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पंचायत चुनावों की नई तारीखों के ऐलान का स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता का भरोसा जताया गया है। पार्टी, समर्थित प्रत्याशी पैनल पर विचार शुरू करते हुए शीघ्र फाइनल नामों की घोषणा करेगी।

उन्होंने कांग्रेसी बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव एक चरण में हों या दो में यह चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन यह निश्चित है कि भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है और यही कांग्रेस की चिंता है। उन्होंने हाईकोर्ट के निर्णय के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नई तारीखों पर संतोष जताया। साथ ही, पंचायत क्षेत्रों के सभी मतदाता और प्रदेशवासियों को भी इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कहा किपार्टी ने शनिवार से ही पर्यवेक्षक द्वारा तैयार, समर्थित प्रत्याशियों के नामों के पैनल पर विचार करना शुरू दिया है। शीघ्र ही फाइनल नामों की घोषणा करनी प्रारंभ हो जाएगी और 2 जुलाई तक लगभग सभी नामों का ऐलान हो जाएगा। मुख्यमंत्री धामी के 4 वर्ष पूर्ण होने को लेकर पूछे सवाल पर उन्होंने दावा किया कि वह सबसे अधिक कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री भी बनेंगे और उनके ही नेतृत्व में भाजपा 27 में हैट्रिक भी लगाएगी।

सीएम धामी इस दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री, एनडी तिवारी के बाद सर्वाधिक समय तक राज्य के मुख्यमंत्री रहने की सीमा को पार कर रहे हैं। उन्हे लग रहा है कि पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के ऐसे मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं जो एनडी तिवारी से भी ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहेंगे। इतना ही नहीं, अगला चुनाव भी पार्टी मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में लड़ने जा रही है और सरकार तीसरी बार रिकॉर्ड बहुमत से बनेगी।

प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा प्रभारी बदले

देहरादून : प्रदेश कांग्रेस ने पंचायत चुनाव में पूर्व में घोषित किए गए विधानसभा प्रभारियों में फेरबदल किया है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन/प्रशासन सूर्यकान्त धस्माना ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पंचायत चुनावों को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी, जिसमें कुछ विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारियों के नामों को संशोधित किया गया है। संशोधित सूची में विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश का प्रभारी प्रवीन त्यागी टीटू, विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री का प्रभारी घनानन्द नौटियाल, गंगोलीहाट विधानसभा का प्रभारी सुनील भंडारी, कपकोट विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मुकेश पन्त तथा पिथौरागढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी प्रदीप पाल को नियुक्त गया है।

पौधरोपण के दौरान माताजी बिशना देवी व पुत्र दिवाकर के साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी।

माता ही होती हैं जीवन की पहली गुरु: धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत अपनी माताजी बिशना देवी के साथ पौधरोपण किया। उनके सुपुत्र दिवाकर ने भी इस अवसर पर पौधा लगाया।

इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा सके। सीएम धामी ने कहा कि मां जीवन की पहली गुरु होती हैं और पर्यावरण हमें जीवन देता है। मां और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे अपनी माताओं के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण स्वयं करें।

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दे रही है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री धामी ने किया ऑल इंडिया ऑयल सेक्टर मीट को संबोधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और प्रौद्योगिकी में समन्वय के साथ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

शनिवार को ओएनजीसी कम्युनिटी सेंटर में आयोजित ऑल इंडिया ऑयल सेक्टर मीट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, राज्य में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया रहा है। प्रदेश में टिहरी, कोटेश्वर, पीपलकोटी, लखवाड़, विष्णुगाड़ जैसी जल विद्युत परियोजनाएं उत्तराखंड को ऊर्जा हब में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्य में जियो थर्मल के क्षेत्र में अनेकों संभावना है जिस पर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधन किसी भी राष्ट्र को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईंधन, राष्ट्र के विकास के साथ ही हमारी दैनिक आवश्यकताओ को भी पूरा करता है। देश में कच्चे तेल का कुल उत्पादन का 70 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस उत्पादन का 84 प्रतिशत योगदान देकर ओएनजीसी भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प हमारे सामने रखा है। देश 2047 में विकसित भारत बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए पेट्रोलियम भंडार की स्थापना की गई है। ग्रीन हाइड्रोजन के साथ सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऊर्जा के कई वैकल्पिक स्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी प्रयासों ने भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सक्षम बनाया है। ओएनजीसी ने उत्तराखंड कई ऐसे कार्य किए हैं जिसका लाभ राज्य को मिल रहा है।

दीप प्रज्वलन करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

आयोजन के दौरान प्रतिभागियों से मुलाकात करते राज्यपाल गुरमीत सिंह और प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी (नीचे)।

नई खेल नीति में तेजी से विकसित हो रहे रोजगार के अवसर: सिंह

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राज्यपाल गुरमीत सिंह ने शनिवार को देहरादून में 20वीं नेशनल शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का समापन और आइस फिगर स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ किया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के हिमाद्री आइस रिंक में आयोजित इस समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने आइस स्केटिंग का विशेष प्रदर्शन किया जिसने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

देश भर से आए खिलाड़ियों का उत्तराखंड में स्वागत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि यह चैंपियनशिप भारत में शीतकालीन खेलों के प्रति बढ़ती रुचि का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आइस स्केटिंग रिंक का पुनर्निर्माण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे न केवल आइस स्केटिंग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में भी नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने देहरादून की अत्याधुनिक आइस स्केटिंग रिंक को 'गेटवे ऑफ अपॉर्च्युनिटीज़' बताते हुए कहा कि यह मंच युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और उत्तराखंड को विंटर स्पोर्ट्स का हब बनाएगा। उन्होंने खेलो इंडियो विंटर गेम्स जैसी राष्ट्रीय पहलों की प्रशंसा करते कहा कि ये आयोजन देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा, प्रशिक्षण और मंच प्रदान करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में खेल अवस्थापना, प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल छात्रवृत्तियां और नई खेल नीति के अंतर्गत रोजगार के अवसर तेजी से विकसित किए जा रहे हैं। इस समारोह में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी, कोच, प्रतिभागी खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक सुरेश राठौर भाजपा से निष्कासित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- कथित दूसरी शादी को लेकर दिया गया था नोटिस, स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुई पार्टी, निकाला

अमृत विचार: सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व विधायक सुरेश राठौर को उनकी कथित दूसरी शादी को लेकर विवाद के बाद शनिवार को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

भाजपा ने हरिद्वार के ज्वालापुर निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक राठौर को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के संदर्भ में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। वीडियो में वह सहारनपुर की रहने वाली अभिनेत्री उर्मिला सनावर को अपनी दूसरी पत्नी के रूप में पेश करते नजर आ रहे थे। राठौर ने पहली पत्नी को तलाक दिए बिना कथित तौर पर दूसरी शादी की थी जिससे पार्टी को असहजता का सामना करना पड़ा, क्योंकि जनवरी में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा लागू किए गए समान नागरिक संहिता में बहुविवाह को अपराध माना गया है। भाजपा द्वारा जारी निष्कासन पत्र में कहा गया, पार्टी नेतृत्व आपके स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है। आपने लगातार पार्टी अनुशासन और सामाजिक आचरण के मानदंडों का उल्लंघन किया है। भाजपा के प्रदेश महासचिव राजेंद्र बिष्ट द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया कि, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित किया जा रहा है।

युवक की मौत पर आक्रोश, कोटाबाग चौकी पर गाज

पुलिस की पिटाई से आहत भाजपा नेता के बेटे ने दे दी थी जान, विधायक भगत के नेतृत्व में चौकी का घेराव

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: कोटाबाग में पुलिस की पिटाई से आहत भाजपा नेता विशन सिंह नगरकोटी के बेटे ने चौकी के बाहर ही जहर खाकर जान दे दी। मौत की खबर फैली तो पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपाइयों और विधायक बंशीधर भगत के साथ कोटाबाग पुलिस चौकी का घेराव कर लिया। लोग आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। माहौल बिगड़ता देख कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी प्रकाश चंद्र भी नाराज लोगों को शांत नहीं करा सके। लोग चौकी से तब हटे जब एसपी सिटी ने चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया और आरोपी पुलिस कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया और चौकी में कार्यरत सभी कर्मियों का तबादला कर दिया।

स्यात कोटाबाग निवासी विशन सिंह नगरकोटी भाजपा की जिला कार्यकारिणी सदस्य हैं। विशन के मुताबिक उनके 32 वर्षीय पुत्र कमल नगरकोटी का शुक्रवार देर शाम को सागर नाम के युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल परमजीत सिंह ने कमल की बाइक चौकी में खड़ी कर दी। आरोप है कि चौकी में कांस्टेबल ने कमल के साथ मारपीट और चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार तेवतिया ने गाली-गलौज की। पुलिस के इस बर्ताव कमल को आहत कर दिया। पिटने के बाद वह चौकी से चला तो गया, लेकिन कुछ देर बाद ही जहर की शीशी लेकर फिर चौकी पहुंच गया। उसने पुलिस से अपना वाहन वापस मांगा, लेकिन पुलिस ने उसे फिर से फटकार लगा दी। इसके तुरंत बाद ही कमल ने चौकी के बाहर ही जहर गटक लिया। जिसके तुरंत बाद उसने अपनी मां गीता देवी को पुलिस के बर्ताव के बारे में बताते हुए कहा कि उसने जहर खा लिया है। आननफानन में परिजन उसे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल ले गए। यहां से चिकित्सकों ने उसे डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) रेफर कर दिया। एसटीएच पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कमल के मौत की सूचना कोटाबाग में आग की तरह फैली। घटना से आक्रोशित लोग शनिवार सुबह तमाम भाजपाइयों के साथ पुलिस चौकी पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। माहौल बिगड़ने की सूचना पर सीओ रामनगर सुमित पांडे और कालाढूंगा थानाध्यक्ष विजय मेहता मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। इस बीच सुबह करीब 10 बजे विधायक बंशीधर भगत भी चौकी पहुंच गए। वह स्थानीय लोगों के साथ धरने पर बैठ गए और आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करने लगे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा से फोन पर वार्ता कर विधायक ने मृतक के परिवार को सहायता राशि देने व आरोपियों पर कार्रवाई करने के लिए कहा। जिसके बाद एसपी सिटी प्रकाश चंद्र भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार तेवतिया और कांस्टेबल परमजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया। साथ ही चौकी में तैनात सभी कर्मियों के तबादले के निर्देश दिए। जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। इधर, शनिवार दोपहर बाद हल्द्वानी में कमल के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

युवक की मौत के मामले में पुलिस चौकी का घेराव करते लोग। ● अमृत विचार

> तत्काल प्रभाव से चौकी प्रभारी व कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही चौकी के स्टाफ का भी तबादला किया जा रहा है। परिजनों ने तहरीर में पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया है। इस पूरे मामले की जांच सीओ रामनगर सुमित पांडे को सौंपी गई हैं। दोषी पाए जाने पर दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – **प्रकाश चंद्र**, एसपी सिटी हल्द्वानी

> मेरा बेटा बाजार गया था। पुलिस ने उसे पकड़कर मारपीट और गाली-गलौज की। इससे क्षुब्ध होकर उसने जहर गटक लिया। सरकार दोषियों पर कार्रवाई करें। – **विशन सिंह नगरकोटी**, मृतक के पिता

> भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के पुत्र ने पुलिस उत्पीड़न की वजह से जहर खाकर जान दे दी। एसएसपी से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग है। एसएसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया है। – **बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

> क्षेत्र में आए दिन पुलिस द्वारा क्षेत्र के लोगों के उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे हैं। हमारे युवा साथी ने पुलिस के उत्पीड़न के कारण जहर खाकर जान दे दी है। पूरे पुलिस स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। – **कुलदीप तड़ियाल**, निवर्तमान कनिष्ठ प्रमुख कोटाबाग

हंगामा भी हुआ

कमल। (फाइल)

कमल को इंसाफ दिलाने के लिए कालाढूंगी, कोटाबाग, चकलुवा व बैलपड़ाव के सैकड़ों जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता चौकी पहुंचे थे। इसी बीच दिन में एक यूट्यूबर को लेकर दो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। क्षेत्रवासी व पुलिस बीच-बचाव कर रहे थे कि तभी यूट्यूबर से मारपीट कर रहे पक्ष से तीसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक घंटा हंगामा चलता रहा। पुलिस ने किसी तरह सभी को समझाबुझा कर शांत कराया।

कोटाबाग में रहा तनाव का माहौल

कमल की मौत की खबर पर शनिवार को सुबह से ही जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी यहां पहुंच रहे थे। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ था। जिसको लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट नजर आया। मामला हाथ से न निकले तो आलाधिकारियों ने भारी मात्रा में पुलिस बल को मौके पर बुलाया। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। धरने पर बैठे ग्रामीण एसएसपी को मौके पर बुलाने व चौकी के पूरे स्टाफ पर कार्यवाही की मांग लेकर अड़े हुए थे।

गर्भवती है कमल की पत्नी

कमल का भाई पुष्कर नगरकोटी आर्मी में कार्यरत है। पोस्टमार्टम हाउस में भाई कमल का शव लेने पहुंचे पुष्कर ने बताया कि अभी एक साल पहले ही कमल की शादी हुई थी। उसकी पत्नी गर्भवती है और अक्टूबर में चिकित्सक ने डिलीवरी का समय दिया है। घर में नन्हे मेहमान का इंतजार था और लोग खुश थे। सभी भव्य समारोह की तैयारियां कर रहे थे और इसी बीच कमल की मौत होने से सारी खुशियां पलभर में मातम में तब्दील हो गईं।

बचने के लिए रातों-रात हटाए सीसीटीवी कैमरे

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरे थे। कमल के साथ जब पुलिस चौकी में मारपीट की गई, तब भी सीसीटीवी चौकी में लगे थे और चालू हालत में थे। कमल के साथ हुई सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, लेकिन जब कमल ने पुलिस की प्रताड़ना के चलते पुलिस चौकी के बाहर ही जहर लिया तो पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस को जब लगा कि अब वह फंस जाएंगे तो उन्होंने रातों-रात चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरे हटवा दिए।

ये रहे मौजूद

मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडेय, विक्रम जंतवाल, रवि कन्याल, हीरा बल्लभ बधानी, कुणाल सिंह बिष्ट, विरेंद्र कुमार, भुवन कुमार, कुंदन बसेडा, विनोद बधानी, नवीन पांडेय, विपिन कांडपाल, विनोद बुढलाकोटी, दीपक गोस्वामी, राहुल पंत, कमल जोशी, नवीन गर्जोला, कमल बोहरा, नवीन पंत, कुंदन जंतवाल, भूपेन्द्र मनराल, विनोद जोशी, ललित जोशी, भगवान तिवारी व हरीश मेहरा आदि मौजूद रहे।

● शनिवार को विधायक बंशीधर भगत के साथ क्षेत्रीय लोगों ने घेरी चौकी
● क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात, कार्रवाई के बाद शांत हुए लोग

विधायक बंशीधर भगत के सामने रोते मृतक के पिता। ● अमृत विचार

तबीयत बिगड़ने के बाद चौकी में आराम करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

विधायक की बिगड़ी तबीयत

विधायक बंशीधर भगत को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वह अपने लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों ने उन्हें घटना स्थल पर जाने से भी रोका, क्योंकि उन्हें 102 डिग्री बुखार था, लेकिन वह नहीं माने और मौके पर पहुंच गए। लोगों के साथ वह भी धरने पर बैठ गए और इसी बीच बुखार से तप रहे विधायक बंशीधर भगत की तबीयत और बिगड़ गई। इस पर आनन-फानन में चिकित्सक को मौके पर बुलाया गया। चिकित्सक ने उनका ब्लड प्रेशर चेक किया और आराम की सलाह दी। जिसके बाद कुछ देर तक उन्होंने पुलिस चौकी में ही आराम किया।

जंगलात की जमीन जोती, मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चोरगलिया थानाक्षेत्र में समुदाय विशेष के एक युवक ने ट्रैक्टर से जंगल जोत डाला। वन कर्मी मौके पर पहुंचे और काम रुकवाया तो आरोपी न सिर्फ हमलावर हो गया, बल्कि वन कर्मियों को जान से मार डालने की धमकी भी दी। चोरगलिया पुलिस ने उप वन क्षेत्राधिकारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हंसपुर अनुभाग रनसाली वन क्षेत्र तराई पूर्वी वन प्रभाग के उप वन क्षेत्राधिकारी गोपाल सिंह सम्मल ने पुलिस को बताया कि बीती 26 जून की दोपहर करीब 3 बजे वह रनसाली रेंज के वन दरोगा राम सिंह रावत, वन बीट अधिकारी अरविन्दर सिंह, वन आरक्षी अखिलेश सिंह राणा के साथ आरक्षित वन क्षेत्र हंसपुर दक्षिणी ब बीट की गश्त पर थे। गश्त के दौरान आरक्षित वन क्षेत्र हंसपुर प्लॉट संख्या 35 में उन्होंने कुछ लोगों को ट्रैक्टर से जुताई करते देखा। यह देख वह मौके पर पहुंचे और जुताई रुकवा दी। पूछताछ शुरू की जुताई कर रहे युवक ने अपना नाम गुजर डेरा हंसपुर निवासी मो. सफी पुत्र इलमदीन बताया। वन कर्मियों ने सफी से जुताई करने संबंधी आदेश या अनुमति दिखाने को कहा, लेकिन उसके पास दस्तावेज नहीं थे। बावजूद इसके आरोपी सफी जुताई में जुटा रहा। जब टीम ने विरोध किया तो वन गूजर सफी साथियों के साथ मिलकर टीम पर हमलावर हो गया। थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी व उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

होटल कर्मचारी की हत्या हिरासत में लिया युवक

संवाददाता, रामनगर

● किसी बात को लेकर दोनों में हुआ था विवाद, सिर पर बेरहमी से किए कई वार, आरोपी से पुलिस कर रही पूछताछ

अमृत विचार : रानीखेत रोड स्थित एक होटल कर्मचारी की शनिवार को हत्या कर दी गई। आरोप होटल में ठहरे एक युवक पर है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

चंदन पाठक। (फाइल)

पुलिस के अनुसार, प्राथमिक तौर पर सूचना मिली कि ओम होटल में ठहरे एक युवक ने विवाद के बाद कर्मचारी की हत्या कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान पाटकोट निवासी चंदन पाठक पुत्र गंगा पाठक के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चंदन पाठक का होटल में ठहरे एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर आरोपी युवक ने पहले चंदन का सिर कई बार जमीन पर पटका और फिर किसी भारी वस्तु से वार दिया।

उधर, होटल स्वामी बलवंत सिंह नेगी ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर में विश्राम के लिए अपने कमरे में चले गए थे। करीब तीन बजे जब वह लौटे तो देखा कि होटल कर्मचारी चंदन पाठक मृत अवस्था में पड़ा था और एक युवक उसकी बगल में लेटा हुआ था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कार्रवाई | बिहार के ठेकेदार का कारनामा, नालों पर बने अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाई जेसीबी

मजदूरी के बदले दी सरकारी भूमि, कब्जा ध्वस्त

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दमुवाढूंगा में नालों पर कब्जा करने वालों की शामत आ गई है। प्रशासन, जिला विकास प्रधिकरण और सिंचाई विभाग संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। शनिवार को भी नालों के ऊपर बने अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। कुछ अन्य जगहों पर अतिक्रमण वाले भवनों पर लाल निशान लगाए गए।

दमुवाढूंगा में चौफला चौराहा के पास जवाहर ज्योति में शनिवार को जेसीबी के साथ सरकारी अमला पहुंचा। प्रशासन ने जेसीबी से अतिक्रमण को हटा दिया। यहां बिहार के एक ठेकेदार ने अतिक्रमण करके घर बनाया था। घर के अंदर 20 श्रमिकों को किराए पर रहने के लिए जगह दी गई थी। इस ठेकेदार के पास हल्द्वानी में ही एक जगह और भी घर है। जांच में यह भी पता चला कि इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को स्टांप पर अवैध रूप से जमीनें बेची गईं हैं। ठेकेदार ने यहां किसी का भवन बनाया था। उस भवन को बनाने के बदले में उसे किसी ने यहां सरकारी भूमि पर कब्जा दिया था। बनाए गए भवन की वजह से नाले की चौड़ाई आधी रह गई थी। जिसे जेसीबी से हटाया गया। इसी तरह से शिव मंदिर के पास भी रकसिया नाले पर निर्माणाधीन भवन को जेसीबी से हटा दिया गया है। इस जमीन को उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने स्टांप पेपर पर खरीदा था। साथ ही शिव मंदिर के पास रकसिया नाले पर बने भवनों को भी राजस्व विभाग ने चिन्हित किया है।

दमुवाढूंगा में अतिक्रमण पर लाल निशान लगाते सरकारी कर्मचारी। ● अमृत विचार

लाल निशान लगाने से मचा हड़कंप

दमुवाढूंगा में शिव मंदिर के पास सरकारी अमले ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण को लेकर लाल निशान लगाए गए हैं। लोगों ने नाले को पाटकर यहां कब्जा किया है। शनिवार को कई भवनों पर लाल निशान लगाए गए। इससे क्षेत्र में हड़कंप मचा है।

बिकती रही जमीन और मौन साधे रहे जिम्मेदार

वर्षों बाद प्रशासन, सिंचाई विभाग और जिला विकास प्रधिकरण को दमुवाढूंगा में हुए अतिक्रमण की याद आई है, जबकि यहां पर भू-माफियाओं और सरकारी जमीनों के कब्जेदारों ने लोगों को स्टांप पेपर पर लिखकर जमीन बेच दी और लाखों रुपये कमा लिए। यह खेल यहां वर्षों तक चलता रहा। जब जमीन बिक गई तो लोगों ने रकसिया नाले पर कब्जा करना शुरू किया और नाले को भी बेच दिया। सिंचाई विभाग शांत रहा। अब जब लोग सस्ती जमीन के चक्कर में आकर यहां बस गए तब यहां कार्रवाई शुरू हुई है।

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर
ADITYA BIRLA CENTURY
घनश्यामधाम, लालकुआं-262402, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर द्वारा देश के औद्योगिक विकास के साथ साथ जनहित में बढ़ते कदम।

किसी भी संस्थान की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है कि गुणवत्ता युक्त माल का अधिकतम उत्पादन करें पर उससे भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य यह है कि उस संस्थान ने निकटवर्ती क्षेत्रों और वहाँ रहने वाले लोगों के विकास हेतु क्या योगदान दिया है। लालकुआं स्थित आदित्य बिरला ग्रुप के विशाल प्रतिष्ठान सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर ने क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है एवं प्रमुख गतिविधियां निम्न है।

- प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल घोड़ानाला, एवं राजीवनगर का जीर्णोद्धार एवं पीने के पानी की व्यवस्था।
- क्षेत्रीय महिलाओं व बालिकाओं के लिए बिन्दुखत्ता एवं शान्तिपुरी में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र।
- बिन्दुखत्ता, खड्डी मोहल्ला, शान्तिपुरी एवं लालकुआं क्षेत्र में 173 हैण्ड पम्प की स्थापना।
- निकटवर्ती क्षेत्रों (राजीव नगर, हाथी-खाना, बंगाली कॉलोनी, संजय नगर बजरी कम्पनी) में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान।
- बिन्दुखत्ता, लालकुओं, हल्दूचौड़ एवं शान्तिपुरी (गरीबी रेखा से नीचे चिन्हित स्थानों पर) में 330 शौचालयों का निर्माण।
- राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लालकुआं, हाट कालिका इण्टर कॉलेज, आदर्श इण्टर कॉलेज बिन्दुखत्ता, राजकीय इण्टर कॉलेज
- हल्दूचौड़, प्राइमरी स्कूल घोड़ा नाला रावत नगर एवं बंगाली कॉलोनी में छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर प्रदान किया गया।
- जनता इण्टर कॉलेज बिन्दुखत्ता में फर्नीचर सहित 2 कक्षों का निर्माण एवं 15 कम्प्यूटर प्रदान किए गए।
- बिन्दुखत्ता में असहाय परिवारों के लिए 5 आवासों का निर्माण एवं इन्दिरानगर बिन्दुखत्ता में गौला नदी में बाढ़ से प्रभावित छः परिवारों हेतु प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गयी भूमि पर आवास की व्यवस्था कर दी गयी है।
- आई. टी. शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु जनपद नैनीताल के प्राइमरी स्कूलों में 75 लैपटॉप एवं प्रिन्टर, जी.जी.आई.सी. लालकुआं में 10 कम्प्यूटर, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय लालकुआ में 5 कम्प्यूटर एवं आई.टी.आई. बिन्दुखत्ता में 10 कम्प्यूटर फर्नीचर सहित प्रदान किए गए।
- पर्वतीय क्षेत्र से पिरूल एकत्रित कर विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान किया जा रहा है जिससे वनाग्नि पर भी नियंत्रण हो रहा है।
- निकटवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा हेतु मेडिकल कैंप एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया एवं राजकीय ब्लड बैंक खटीमा हेतु उपकरण प्रदान किये गये।
- इसके अतिरिक्त कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु भी प्रयास किये गये जिनमें प्रमुख सेनेटाईजेशन हेतु 225000 लीटर सोडियम हाईपोक्लोराइड का वितरण, 85000 मास्क का वितरण, पी.पी.ई. किट, मेडिकल बैड, आक्सीजन सिलेण्डर, पल्स ऑक्सीमीटर, सेनेटाईजेशन मशीन, एक्स-रे मशीन, वैक्सीनेशन एवं राजकीय चिकित्सालयों में स्थापना हेतु अत्याधुनिक तकनीक से युक्त 9000 लीटर प्रति घंटा क्षमता के रू. 1 करोड़ की लागत से 3 ऑक्सीजन संयंत्र फ्रांस से आयात किए गये हैं जिनमें से एक संयत्र राजकीय महिला चिकित्सालय हल्द्वानी एवं एक सैनिटोरियम भवाली में स्थापित किया गया है।
- लालकुआ के निकट डौली एवं किशनपुर रेंज में अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत 2.13 करोड़ लीटर क्षमता के 12 जलाशयों का निर्माण किया गया है जिससे वन्य जीवों हेतु जल की उपलब्धता के साथ साथ भूमिगत जल भी रिचार्ज होगा एवं वन्य जीवों के लिए "ग्रासलैंड" विकसित किया गया हैं।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु मोबाइल मेडिकल वैन में प्रदान की गई।
- श्रीलनित्यानंद पद आश्रम हल्दूचौड़ में पशुओं के लिए मासिक 60 कुंटल भूसे की व्यवस्था।
- राजकीय प्राइमरी स्कूल संजय नगर बिन्दुखत्ता में 2 कक्षाओं का निर्माण किया गया।

जमीन बेचने वाले ने ही कर लिया कब्जा, मंडलायुक्त ने किया तलब

कुमाऊं आयुक्त की जनसुनवाई में शनिवार को सर्वाधिक शिकायतें जमीन संबंधी रहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

कार्यालय से निकलकर लोगों की शिकायत सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने एक साथ 15 लोगों को जमीन बेची और फिर धोखे से बेची गई जमीन पर खुद कब्जा कर लिया। जमीन संबंधी ऐसे तमाम मामलों को लेकर लोग मंडलायुक्त दीपक रावत की जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने पहले तो अपने दफ्तर में सुनवाई की, लेकिन जब भीड़ ज्यादा देखी तो वह खुद शिकायतों को निस्तारण करने के लिए लोगों के बीच पहुंच गए।

शिकायत लेकर मंडलायुक्त के आवास पहुंची अल्मोड़ा की पाना देवी, सीमा, हेमा देवी, दीवान सिंह और गोपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने ग्राम भगवंतपुर काशीपुर में लगभग 15 लोगों के साथ भूमि खरीदी थी। उक्त भूमि फसल के लिए भू-स्वामी को दे दी गई थी, लेकिन कुछ वर्षों के पश्चाच उस पर अवैध कब्जा कर लिया गया। इस पर मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी काशीपुर को जांच के आदेश दिए और अगले शनिवार को भू-स्वामी, क्रेताओं व राजस्व विभाग को तलब किया।

इसी तरह हल्द्वानी निवासी अमीनुर्रहमान ने बताया कि नजूल बाग हल्द्वानी खास में 6 बीघा 9 बिस्वा भूमि उनके नाम दर्ज है, जिस पर कुछ व्यक्तियों ने कब्जा कर दुकानें बना ली हैं। इस पर मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी हल्द्वानी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा शहर में आवारा पशुओं की समस्या पर आयुक्त ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जो पशु स्वामी अपने पशुओं को आवारा छोड़ते हैं, उनका चिन्हीकरण कर कार्रवाई करें। मंडलायुक्त ने लोगों से अपील की है कि भूमि खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच कर लें।

देखें कि कहीं भूमि पर कोई ऋण तो नहीं या भूमि भूमि सीलिंग अधिनियम की परिधि में तो नहीं आती। भूमि खरीदने के तुरंत बाद उस पर चाहरदीवारी व भवन निर्माण कराएं। जनसुनवाई में ज्योति जोशी, ग्राम चापड़, मौना ने लोनिवि की भूमि पर तारबाड़ हटाने, भूपेन्द्र कौर, निवासी बाजपुर ने भूमि से रोक हटाने, लीलाधर सुयाल, निवासी चोपड़ा, ज्योलीकोट ने क्रय की गई भूमि की रजिस्ट्री कराने तथा विमल बिष्ट, निवासी जज फार्म ने क्रय की गई भूमि के स्थान पर अन्यत्र भूमि दिए जाने की समस्या रखी।

पुलिस की गिरफ्त में गांजा के साथ पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

68 किलो से अधिक गांजा के साथ एक धरा

संवाददाता, रामनगर

- बरामद गांजे की 17 लाख रुपये आंकी जा रही कीमत
- तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी पुलिस ने किया सीज

अमृत विचार : नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत रामनगर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक टैक्सी से 68 किलो से अधिक गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपये आंकी जा रही है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि लंबे समय से पर्वतीय क्षेत्रों से गांजे की अवैध तस्करी कर रामनगर में बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। शुक्रवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल और गर्जिया चौकी इंचार्ज गगनदीप सिंह टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध टैक्सी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने तेज गति से वाहन भगाने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। जांच में वाहन के अंदर से 68 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान ग्राम पूछड़ी टंकी निवासी दानिश पुत्र वाहिद हुसैन के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दो व्यक्तियों ने पहाड़ से गांजा लाने को कहा था।

सार-संक्षेप

नकली पिस्टल लहराई, पुलिस एक्ट में चालान

हल्द्वानी : नकली पिस्टल से दहशत फैलाना युवकों को भारी पड़ गया। स्कूटी सवार तीन युवकों का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह चलती स्कूटी पर पिस्टल लहराते नजर आ रहे थे। माफी मांगने पर तीनों का पुलिस एक्ट में चालान कर छोड़ा गया। पुलिस के मुताबिक काठगोदाम के चांदमारी क्षेत्र में तीन युवक एक स्कूटी में सवार होकर पिस्टल लहराते हुए जा रहे थे। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों स्कूटी सवार युवकों को रोका और थाने ले गए। आरोपियों ने बताया कि जिस पिस्टल को वह लहरा रहे हैं, वह नकली खिलौनानुमा थी। पुलिस ने वाहन सीज कर आरोपियों का पुलिस एक्ट में चालान किया।

बैठक में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा व अन्य।

इस बार भी रामलीला मैदान में ही होगा हरेला मेला

भीमताल : इस बार भी हरेला मेला भीमताल के रामलीला मैदान में आयोजित होगा। यह निर्णय निर्णय नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा अध्यक्षता और तहसीलदार युगल किशोर पांडे की उपस्थित में हुई बैठक में लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस मेले के आयोजन के लिए सभी का सहयोग मांगा। वरिष्ठ नागरिक गोपाल दत्त पलडिया ने इसको अन्यत्र करने का सुझाव दिया। पूर्व सभासद कमरु निशा और पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने शौचालय में विशेष सफाई रखने की बात कही। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने अब बताया कि प्राचीन संस्कृति को कायम रखते हुए हरेला मेल को रामलीला ग्राउंड में ही कराया जाए। आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संदीप पांडे ने भी समर्थन किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया ने मेले की भव्यता और लोक संस्कृति पर विशेष ध्यान देने की बात कही। 16 जुलाई से 21 जुलाई तक मेले का आयोजन किया जाएगा, इस बात पर सहमति बनी। संचालन सभासद रामपाल गंगोला ने किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उदयवीर सिंह, दिनेश सांगुडी, पंकज जोशी, प्रवीण पटवाल, आशा उप्रेती, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

शिविर में व्यापारियों को जानकारी देतीं जीएसटी कमिश्नर अंजू जोशी।

शिविर में जीएसटी पंजीयन बढ़ाने पर दिया जोर

लालकुआं : जीएसटी की असिस्टेंट कमिश्नर ने क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस दौरान पंजीयन बढ़ाने पर दिया गया। नगर के एक होटल के सभागार में राज्य कर विभाग हल्द्वानी के तत्वावधान में जीएसटी के पंजीयन संबंधी शिविर आयोजित किया गया। इसमें असिस्टेंट कमिश्नर अंजू जोशी व राज्य कर अधिकारी कुंदन सिंह पांगती ने व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित समस्याओं को सुनने के साथ ही समस्याओं के निस्तारण के लिए आसान सुझाव सुझाए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, वरिष्ठ अधिवक्ता कमल कोठारी, सतीश चंद्र बल्यूटिया, प्रकाश चंद्र पांडे, चंदन कर्नाटक आदि मौजूद थे।

बारिश के कारण देवीपुरी-सौड़ मोटर मार्ग बंद

कालाढूंगी : शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश होने से देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग बंद हो गया है। इस कारण ब्लॉक मुख्यालय व जिला मुख्यालय से रियाड़, डोला, बाघनी, जलना, सल्वा, बासी व रानीकोटा अनेक ग्राम सभाओं का संपर्क कट चुका है। निवर्तमान ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष हीरा वल्लभ बधानी ने कहा कि अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। यदि जल्द मोटर मार्ग नहीं खुलेगा, तो वह ग्रामीणों के साथ अनशन पर बैठेंगे।

एसईआईएए अध्यक्ष हाईकोर्ट में तलब

- सवाल-बागेश्वर में खड़िया खनन के हानिकारक प्रभाव कम करने के लिए क्या कदम उठाए

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) के अध्यक्ष को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया। यह जानना चाहा है कि पर्यावरण की रक्षा और बागेश्वर जिले में खड़िया खनन के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें जिले के कांडा तहसील के कई गांवों में मकानों में दरारें आने की शिकायत की गई थी। इस मामले की सुनवाई अब उच्च न्यायालय में 30 जून को होगी। कांडा तहसील के निवासियों ने भी मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र भेजकर दावा किया था कि अवैध खड़िया खनन ने उनके खेत, घर और पानी की पाइपलाइन को नष्ट कर दिया है। क्षेत्र में खड़िया की 147 खदानें हैं, जिनमें खनन के लिए भारी मशीनों का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके कारण आस-पास के गांवों में घरों की दीवारों और छतों पर दरारें पड़ जाती हैं। पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए, उच्च न्यायालय ने पूर्व में इस क्षेत्र में खड़िया खनन पर रोक लगा दी थी और कंपनियों को खनन गतिविधियों के कारण बने गड्ढों को भरने का निर्देश दिया था। इसने खनन किए गए खड़िया भंडारों की नीलामी की भी अनुमति दी थी। खनन के कारण बने गड्ढों को भरने के लिए पूर्व में दिये गए निर्देश पर जिला खनन अधिकारी ने उच्च न्यायालय को बताया कि इस कार्य के लिए उत्तराखंड भूजल प्राधिकरण का गठन किया गया है।

पूर्व कैप्टन पूरन सिंह कुल्याल का निधन

भीमताल, अमृत विचार : ग्राम पंचायत जंगलिया गांव निवासी रिटायर्ड कैप्टन पूरन सिंह कुल्याल का शुक्रवार रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार चित्र शिला घाट रानीबाग में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। वह अपने पीछे तीन पुत्रियां व एक पुत्र छोड़ गए हैं। मुखाग्नि उनके पुत्र गोबिंद सिंह, भाई त्रिलोक सिंह कुल्याल, लक्ष्मण सिंह, लाल सिंह व भतीजों के द्वारा दी गई ।

कुल्याल कई वर्षों तक शिक्षक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष भी रहे। राजकीय इंटर कॉलेज उच्चीकरण में उनके द्वारा संघर्ष किया किया। उनके निधन पर विधायक राम सिंह कैड़ा, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, निवर्तमान प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य मदन मोहन कुल्याल, निवर्तमान ग्राम प्रधान राधा कुल्याल, लक्ष्मण सिंह गंगोला, बिपिन जंतवाल, महेंद्र सिंह पड़ियार, प्रेम सिंह कुल्याल, गोपाल दत्त पलड़िया, चंद्र सिंह कुल्याल, राजेंद्र सिंह पडियार आदि ने शोक जताया है।

हादसे में कार सवार युवक की मौत

- दो गंभीर घायल हायर सेंटर रेफर, रामनगर आ रहे थे कार सवार, शुक्रवार देर रात्रि टांडा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, रामनगर

आदित्य (फाइल फोटो)

अमृत विचार : मुरादाबाद से घूमने के लिए रामनगर आ रहे चार दोस्तों की कार शनिवार देर रात टांडा के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शुक्रवार देर रात करीब तीन बजे हुआ।

कार में सवार आदित्य ठाकुर, ध्रुव, अभय और एक अन्य दोस्त मुरादाबाद से निकले थे। रामनगर पहुंचने से पहले टांडा के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने बीटेक कर रहे छात्र आदित्य ठाकुर पुत्र सतेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। वह मुरादाबाद के काजीपुरा क्षेत्र के निवासी था और आईएफटीएम यूनिवर्सिटी से बीटेक कर रहा था। हादसे में घायल दो अन्य दोस्तों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि एक युवक को हल्की चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी रामनगर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और नींद की झपकी के चलते वाहन से नियंत्रण खोने का लग रहा है।

बस से गिरकर युवक घायल, हायर सेंटर रेफर

लालकुआं : राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वन निगम के डिपो संख्या चार व पांच के बीच चलती बस से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। शनिवार की दोपहर को लगभग एक बजे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वन निगम डिपो संख्या चार व पांच के बीच हल्द्वानी की ओर से तेज गति में आ रही बस से अचानक एक युवक सिर के बल गिर पड़ा। राहगीरों ने युवक को ऑटो में बिठाकर पीएचसी लालकुआं पहुंचाया। जहां उसकी हालत नाजुक होने पर उसे डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। हालांकि इस घटना के बाद भी चालक ने बस नहीं रोकी।

सरकारी भूमि पर किया अतिक्रमण, मुकदमा

- फर्जी दस्तावेज बनाकर बना लिए मकान, जांच शुरू

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मल्लीताल निवासी पवन जाटव ने नेपाली मूल के लोगों पर भारती के फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने का आरोप लगाया है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्लीताल निवासी पवन जाटव ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते कई वर्षों से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल शहर व खुर्पाताल के एक तोक में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। आरोप है कि नेपाली मूल के लोगों ने गलत तरीके से भारत के फर्जी दस्तावेज बना कर यहां घर भी बना लिए हैं, जबकि भारत में बिना भारत सरकार को जानकारी दिए कोई विदेशी नागरिक न ही जमीन खरीद सकता है और न ही दस्तावेज बना सकता है। जिसको लेकर माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में कई गई शिकायत की जांच से वह संतुष्ट नहीं हैं, इसलिए दोबारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इधर, शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस की ओर से देवी रॉय, हिमाल कुमार, विनोद रॉय, गौरी देवी व राजवती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जीवंत हो उठा गुजरा जमाना सीआरपीएफ कैंप में मिले दोस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

दीप प्रज्वलित करते आईजी उत्तराखंड सेक्टर भानु प्रताप सिंह, डीआईजी शंकर दत्त पांडे व अन्य।

अमृत विचार : एक कॉलेज से पढ़े और एक साथ पास हुए। कोई आज आर्मी और सीआरपीएफ में रहकर देश की सेवा कर रहा है, तो कोई अध्यापक बनकर देश के भविष्य को संवारने में जुटा है।

वर्षों बाद से ये सारे दोस्त जब सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम में मिले तो गुजरा जमाना जीवंत हो उठा। पुरानी यादों से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी को देख ये दोस्त यादों में खो गए। फिर वो सीआरपीएफ सेक्टर उत्तराखंड के आईजी भानु प्रताप सिंह हो या फिर काठगोदाम कैंप के डीआईजी शंकर दत्त पांडे। शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय एल्यूमिनाई फाउंडेशन के तत्वावधान में "एक पड़ाव अपनों से जुड़ाव" कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत से की गई। कार्यक्रम में उत्तराखंड सेक्टर आईजी भानु प्रताप सिंह प्रमुख भूमिका में थे। इस दौरान पूर्व छात्र अनिल कांत द्विवेदी, पूर्व महामंत्री छात्रसंघ अनिल सिंह वीरू, पूर्व अन्तःवासी हबीबुल्लाह छात्रावास अश्वनी पांडे आदि ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ. लालता प्रसाद, कस्तूरी लाल तागड़ा, राजेश पांडे, मनोज तिवारी, सुरेंद्र सिंह, संजय दुबे, पंकज पाठक, सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

मौसम का मिजाज | इस बार समय पर आया था मानसून, लेकिन अभी तक बारिश हुई कम, जमकर बरसा था प्री मानसून

जून में छह में से पांच जिलों में सामान्य से कम बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जून माह में अभी तक कुमाऊं मंडल में केवल बागेश्वर जिले में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई। बाकी सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई है। यह तब है जब इस बार मानसून राज्य में समय पर आया है और साथ ही प्री-मानसून की भी झमाझम बारिश हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार, बागेश्वर में जून माह में अभी तक 403.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जोकि सामान्य से 215 प्रतिशत ज्यादा है। कुमाऊं में बागेश्वर जिले में सबसे ज्यादा मानसून की बारिश हो रही है। यहां बारिश की वजह से हालात भी खराब हो रहे हैं। इसके अलावा अल्मोड़ा में सामान्य से 18 प्रतिशत, चंपावत जिले में 31, नैनीताल जिले में 22, पिथौरागढ़ में 21 और यूएसनगर जिले में आठ प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। हालांकि अभी मानसून का काफी समय बाकी है और अगले तीन माह तक मानसून सक्रिय रहेगा, लेकिन जिस तरह से मानसून सही समय पर आया है और प्री-मानसून की भी अच्छी बारिश हुई, उसके बाद भी मंडल के पांच जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज होना चौंकाने वाली बात है। मौसम विज्ञानी डॉ.आरके सिंह के अनुसार इस बार मानसून की सामान्य से अच्छी बारिश होने का अनुमान है।

कहां हुई कितनी बारिश

जिला	हुई बारिश	सामान्य बारिश
अल्मोड़ा	104.6	128.1
बागेश्वर	403.5	128.1
चंपावत	124.9	181.5
नैनीताल	176.1	224.5
पिथौरागढ़	168.2	213.2
यूएसनगर	140.0	152.9

(बारिश मिमी में, आंकड़े-मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून)

अगले दो दिनों के लिए ओरेंज अलर्ट

हल्द्वानी : नैनीताल जिले में रविवार और सोमवार को भारी से बहुत भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार, जिले के कई हिस्सों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। शनिवार को हल्द्वानी में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर के समय तेज धूप निकली और उमस भरी गर्मी पड़ी।

नैनीताल में घूमते पर्यटक। ● अमृत विचार

वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहा नैनीताल

नैनीताल : वीकेंड के दौरान नैनीताल एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार रहा। पर्यटकों ने झीलों के शहर की वादियों में प्राकृतिक सौंदर्य और मौसम का भरपूर आनंद लिया। शनिवार सुबह से ही माल रोड, नैना देवी मंदिर, नैनी झील, स्नो व्यू, टिफिन टॉप और चिड़ियाघर जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली। बारिश के बावजूद पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ। दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने मौसम को और सुहावना बना दिया।

आज का मौसम

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

27.0°	24.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.16	सूर्यास्त 19.15

एक नजर

बच्ची से छेड़छाड़ में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी : काठगोदाम थाना क्षेत्र में दस साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बच्ची के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली 10 साल की बच्ची के साथ उसके ही करीबी रिश्तेदार ने छेड़छाड़ कर दी। बच्ची ने इसकी शिकायत अपने पिता और मां से की। जिसके बाद परिजन काठगोदाम थाना पहुंचे और आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ तहरीर दी। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

हूटर बजाना पड़ा महंगा चालानी कार्रवाई हुई

नैनीताल : एक वाहन चालक को नैनीताल में हूटर बजाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन से हूटर हटाते हुए युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। कालाढूंगी रोड से नैनीताल को यूपी का एक वाहन हूटर बजाते हुए नैनीताल की ओर आ रहा था। बारापत्थर पुलिस चौकी में वाहनों की कतार के दौरान भी वाहन हूटर बजाते हुए आगे निकल गया। पुलिस का ऐसा आभास हुआ कि वाहन में कोई मंत्री या विधायक सवार है। चौकी के समीप जब वाहन को रोककर जांच की गई तो उसमें कोई मंत्री या विधायक नहीं था। वाहन चालक ने बताया कि वाहन उसका है और उसके रिश्तेदार विधायक हैं। उधर एसआई दीपक कार्की ने बताया कि हाथरस यूपी निवासी सूर्या नंदन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

बदहाल सड़कों पर उखड़ रहीं उम्मीदें, खतरे में जिंदगी का सफर

पेयजल और सीवर लाइन बिछाने के बाद नगर निगम की अधिकांश आंतरिक सड़कें खस्ताहाल, शिकायतों के बावजूद अभी तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

अमृत विचार पड़ताल

पवन सिंह नेगी , हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर के विभिन्न वार्डों में अधिकांश आंतरिक सड़कें बदहाल पड़ी हैं। पेयजल व सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों में गड्ढे हो चुके हैं और ये जगह-जगह उखड़ी हुई हैं। अधिकांश सड़कें 3 से 4 माह से मरम्मत की राह देख रही हैं। मानसून सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन सड़कें जस की तस पड़ी हैं। बारिश में सड़कें पानी से लबालब भर जाती हैं। जिस कारण राहगीर और दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद 2 जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं, लेकिन आंतरिक सड़कों की दुर्दशा सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। अमृत विचार की टीम ने शनिवार को जब पड़ताल की तो इस दौरान अधिकांश सड़कें बदहाल स्थिति में नजर आई।

नगर आयुक्त का यह है कहना

जिन सड़कों में पेयजल व सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कें खराब हैं, वहां यूयूएसडीए की ओर से सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई सड़कों में पेयजल व सीवर लाइन बिछाई जानी है, जिस वजह से इनका निर्माण नहीं किया जा रहा है।
–**ऋचा सिंह**, नगर आयुक्त

गड्ढे और जगह-जगह उखड़ी सड़क से जज फार्म में बढ़ी मुसीबत

जज फार्म में पेयजल व सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थी। लाइनें बिछाए हुए तीन से चार माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। सड़क का आधा हिस्सा उखड़ा हुआ है और इसमें जगह-जगह गड्ढे हैं। आएदिन इन गड्ढों के कारण लोग चोटिल होते रहते हैं। खासकर बच्चों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में सैकड़ों परिवार रहते हैं। सड़कों की मरम्मत के लिए क्षेत्र के लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ है।

ओम विहार में बारिश में सड़कें बन जाती हैं तालाब

डहरिया क्षेत्र में ओम विहार में बारिश में सड़कें जलमग्न होकर तालाब बन जाती हैं। सड़कों की हालत इतनी खराब है कि थोड़ी सी बारिश में सड़कों में जलभराव हो जाता है। जिस कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। पास में ही स्थित एक निजी स्कूल में बच्चों को पहुंचाने के लिए अभिभावकों को लंबी दूरी तय कर दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। लोगों का कहना है कि वह सड़क ठीक करने को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन मानसून शुरू होने के बाद भी इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

जान जोखिम में डालकर बच्चे जाते हैं स्कूल

डहरिया क्षेत्र में शिवामित्र कॉलोनी की सड़कें करीब चार माह से खस्ताहाल पड़ी हैं। पेयजल व सीवर लाइन की खोदाई के बाद सड़कें उबड़-खाबड़ रास्ते में तब्दील हो चुकी हैं और जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं। बारिश में जलभराव होने से लोगों का सड़क से गुजरना दूभर हो रहा है। छोटे स्कूली बच्चों के आवागमन में अभिभावक अपने साथ ही बच्चों की जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरते हैं। सड़क में गड्ढे होने से बारिश में घरों के आगे तलैया बन जाती है, जिससे बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है।

मल्ली बमौरी में सुस्त गति से हो रहा कार्य

मल्ली बमौरी में सरदार की कोठी वाले चौराहा से लक्ष्मीनगर क्षेत्र में सीवर लाइन डाली गई। सीवर लाइन के चलते यहां नई सड़क को खोद दिया गया। सीवर लाइन डाले हुए दो माह का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक सड़क नहीं बनाई गई है। इसी तरह लक्ष्मीनगर में भी सीवर लाइन डाली जा रही है लेकिन यह काम बेहद ही सुस्त गति से चल रहा है। जिस वजह से गली एक माह से बंद है। लोग काम की सुस्त गति की वजह से परेशान हो गए हैं।

कॉलोनी में घर होने के साथ ही दुकान भी चलाता हूं। चार महीने से सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। न तो सड़क की मरम्मत की गई और न ही इसे समतल किया गया है। बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने में समस्या होती है। बारिश के दौरान महिलाओं को भी परेशानी होती है।
– **शैलेंद्र सिंह रावत**, शिवामित्र कॉलोनी

पेयजल व सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क को तत्काल समतल किया जाना चाहिए था, लेकिन सड़क को अपने हाल पर छोड़ दिया गया। चार माह होने को हैं, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। जिससे स्थानीय लोगों की मुसीबतें बढ़ चुकी हैं।
–**शंभू शाह**, शिवामित्र कॉलोनी

बारिश के बाद सड़क दलदल बन जाती है। जिससे पैदल चलना तो दूर दोपहिया वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाता है। बारिश में सड़क जलमग्न होने पर बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए दूसरे रास्ते से ले जाना पड़ता है। आएदिन कई बच्चे और महिलाएं इसमें चोटिल हो रहे हैं। – **योगेश आर्या**, ओम विहार

मानसून शुरू होने के बाद लोगों की मुसीबतें और बढ़ चुकी हैं। खराब सड़क पर बरसात के दौरान बुजुर्गों का चलना दूभर हो जाता है। सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क खस्ताहाल हो चुकी है। लेकिन इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। जिससे लोग परेशान हैं।
–**जवाहर वर्मा**, शिवामित्र कॉलोनी

बाजार की चुनौतियों व संभावाओं पर हुई चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नैनीताल दुग्ध संघ की ओर से गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आंचल दुग्ध उत्पादों की बिक्री से जुड़े एजेंटों के साथ बाजार की चुनौतियों और संभावनाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान आंचल ब्रांड के छेना रबड़ी उत्पाद को लॉन्च भी किया गया। यह उत्पाद स्वाद और पौष्टिकता का संतुलित मिश्रण होगा और उपभोक्ताओं को नई स्वादानुभूति प्रदान करेगा।

बैठक की अध्यक्षता दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने की। दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता, नियमित आपूर्ति, उपभोक्ता संतुष्टि और बाजार में प्रतिस्पर्धा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। एजेंटों ने अनुभव साझा करते हुए सुझाव दिए कि कैसे आंचल उत्पादों की पहुंच और लोकप्रियता को और बढ़ाया जा सकता है। अध्यक्ष मुकेश बोरा ने आश्वासन दिया कि संघ उपभोक्ता अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उत्पादों की गुणवत्ता और वितरण प्रणाली में लगातार सुधार करेगा। अध्यक्ष बोरा ने कहा कि दुग्ध संघ का प्रयास है कि उत्पादकों को उचित मूल्य और उपभोक्ताओं को उत्तम गुणवत्ता के उत्पाद मिलें। उन्होंने एजेंटों को भरोसा दिलाया कि संघ उनके सुझावों को क्रियान्वयन में लाकर सभी स्तरों पर सहयोग करेगा।

बच्चों की सेहत पर डायरिया की मार

हल्द्वानी, अमृत विचार: बच्चों की सेहत पर डायरिया की मार पड़ रही है। हालत यह है कि बच्चों को अस्पतालों में भर्ती करने तक की नौबत आ रही है। बेस अस्पताल में करीब दो दर्जन बच्चे भर्ती हैं तो वहीं एसटीएच में 10 बच्चे डायरिया का उपचार करा रहे हैं। डायरिया से बच्चे भी बीमार हो रहे हैं। डायरिया में बच्चों के शरीर में पानी की कमी हो जाती है और साथ ही उन्हें उल्टी, दस्त और बुखार जैसी समस्या हो जाती है। ज्यादा गंभीर स्थिति होने पर बच्चों को अस्पताल में भर्ती भी करना पड़ता है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डायरिया से बीमार हुए 10 बच्चे भर्ती हैं। बाल रोग विभाग की एचओडी डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि ओपीडी में उल्टी और दस्त से पीड़ित बच्चे पहुंच रहे हैं।

जंगलात को मिले 122 आरक्षी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वन प्रशिक्षण संस्थान (एफटीआई) में शनिवार को 122 वन आरक्षियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में छह माह का प्रशिक्षण पूरा करने वाले वन आरक्षियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड वन विकास निगम के प्रमुख वन संरक्षक जीएस पांडेय रहे। उन्होंने पासिंग आउट परेड की सलामी ली।

पंडित नैन सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रमुख वन संरक्षक जीएस पांडेय ने कहा कि वन विभाग की नौकरी में फौज जैसा अनुशासन आवश्यक है। तभी वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन कार्य तेजी से होंगे। बताया गया कि वन आरक्षियों का प्रशिक्षण एक जनवरी 2025 से 30 जून 2025 तक चला। इस दौरान एफटीआई की निदेशक तेजस्विनी अरविंद पाटिल, उप निदेशक यूसी तिवारी, मयंक शेखर झा, आशीर्वाद कटियार, उप निदेशक सूरज तिवाड़ी, उप निदेशक आशीर्वाद कटियार, सेवानिवृत्त उप निदेशक गोपाल सिंह कार्की आदि मौजूद रहे। उधर, दीक्षांत समारोह में संदीप अधिकारी हल्द्वानी वन प्रभाग को स्वर्ण पदक, दिनेश सिंह रावत, अल्मोड़ा वन प्रभाग को रजत पदक, पवन कुमार द्विवेदी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इसके अलावा सौरभ पांडे चम्पावत वन प्रभाग को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पांच अन्य प्रशिक्षार्थियों को भी ट्रॉफी प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में उपस्थित वन आरक्षी।

32 युवा बने वन आरक्षी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: छह महीने के कड़े प्रशिक्षण के बाद बत्तीस जवान वन आरक्षी की परीक्षा में उत्तीर्ण करने के बाद वन आरक्षी बने। कॉर्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि कार्बेट डायरेक्टर डा. साकेत बडोला ने गार्ड आफ ऑनर लिया। इस दौरान अजय पंवार, दिग्विजय सिंह, मनोज सिंह पयाल, रियाज अली, शाकिर अली वन आरक्षियों द्वारा पर्यावरण मानव वन्यजीव संघर्ष, वनाग्नि प्रबंध, ग्रासलैंड मैनेजमेंट व पौधशाला प्रबंधन विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ के बिंदर पाल के द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। बिपिन वन आरक्षी राजाजी टाइगर रजर्व देहरादून ने प्रथम, दिग्विजय सिंह वन आरक्षी राजाजी टाइगर रजर्व देहरादून ने द्वितीय, शाकिर अली वन आरक्षी राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बिपिन वन आरक्षी राजाजी टाइगर रजर्व देहरादून को वनवर्धन ट्राफी, दिग्विजय सिंह वन आरक्षी राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून को वन अभियांत्रिकी, इशरत अली वन आरक्षी राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून को वन उपयोग, संतोष प्रसाद वन आरक्षी कालागढ़ टाइगर रिजर्व लैंसडान को सामुदायिक वानिकी, ममराज सिंह वन आरक्षी गोविंद वन्यजीव विहार राष्ट्रीय पार्क पुरौला को क्रियात्मक कार्य खेलकूद ट्रॉफी (प्रथम), सूरज नेगी वन आरक्षी राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून को खेलकूद ट्राफी से सम्मानित किया गया।

कुमकुम, प्रयान, ओम व माही ने मारी बाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ट्राइक्लब की ओर से गौलापार स्टेडियम में जिला स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप में 11 से अधिक श्रेणियों में कुल 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट ने किया। समापन अवसर पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने विजेताओं को सम्मानित किया। अंडर-18 से अंडर-25 गर्ल्स श्रेणी में कुमकुम धपोला ने 50 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सर्वाधिक पदक अपने नाम किए, जबकि 100 मीटर फ्री स्टाइल में नैना प्रथम रहीं। अंडर-61 पुरुष श्रेणी में गिरिश बिष्ट ने 50 मीटर फ्री स्टाइल और किशन सिंह बोरा ने 50 व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-4 से 8 वर्ष बालक वर्ग में प्रयान पुनेठा ने 50 मीटर फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक दोनों में बाजी मारी। बालिका श्रेणी में माही नयाल ने 50 मीटर फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक में पहला स्थान पाया, जबकि आरानिया नेगी द्वितीय और सृष्टि बिष्ट तृतीय रहीं। अंडर-9 से 12 वर्ष बालक वर्ग में ओम टनवाल ने 50 व 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं स्वप्निल पांडे ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में पहला स्थान पाया। इस अवसर पर दीपक दानी, संजय रावत आदि मौजूद रहे।

गौलापार स्टेडियम में तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

उपनल और संतोष उद्यम में हुआ करार

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (उपनल) और संतोष उद्यम एचपीसीएल बॉटलिंग संयत्र सितारगंज के मध्य करार हुआ है। यह करार संतोष उद्यम के प्रधान कार्यालय गाजियाबाद में हुआ। संतोष उद्यम एचपीसीएल की तरफ से प्रबंध निदेशक ललित बिंदल मुख्य संचालक अधिकारी सुनील कुमार सिंह व उपनल की तरफ सीनियर प्रोजेक्ट आफिसर कर्नल आलोक पांडे ने हस्ताक्षर किए।

जल संस्थान ने 50 को भेजे नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जल संस्थान ने 50 व्यावसायिक भवनों, रिसॉर्ट व होम स्टे को जल संरचनाएं स्थापित करने संबंधी नोटिस दिए हैं। बीते दिनों हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभागों को इस मुद्दे पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

व्यावसायिक भवनों, रिसॉर्ट्स और होम स्टे में वर्षा जल संचयन व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त हो गया है। बीते वर्ष इस दिशा में कोई ठोस प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को फटकार लगाते हुए कड़े निर्देश दिए हैं। पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों, जल संस्थान, जल निगम और पर्यटन विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और निर्देश दिए कि जिला पर्यटन अधिकारी जिले के सभी रिसॉर्ट्स, होटल्स और होम स्टे की सूची संबंधित खंड विकास अधिकारियों और पेयजल विभाग को तत्काल उपलब्ध कराएं। जल संस्थान ने अब तक 50 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए हैं, जिनमें वर्षा जल संचयन प्रणाली या डीप रिचार्ज पिट नहीं पाए गए। नोटिस व्यावसायिक भवनों, रिसॉर्ट्स और होम स्टे से संबंधित हैं। स्वामियों को तीन माह की समय सीमा दी गई है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि समय सीमा में अनुपालन न करने पर पेयजल कनेक्शन काटने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक में संघ ने किया निजीकरण का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन की कार्यकारिणी की सभा हुई। इसमें निजीकरण का विरोध किया गया और साथ ही पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग की गई।

शनिवार को हुई सभा में महामंत्री डीके पांडे ने कहा कि नौ जुलाई को देश के मजदूर, कर्मचारी महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण को बढ़ावा देने वाली मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिन की हड़ताल करेंगे। सभा में नैनीताल, रानीखेत, रामनगर, काशीपुर, खटीमा, सितारगंज, रूद्रपुर, रामपुर, बिलासपुर, हल्द्वानी शाखाओं के प्रतिनिधि रहे। इस दौरान हेमंत कुमार, पंकज त्रिपाठी, हरी सिंह सागर, संजय गोयल, बलवंत बोरा, शिवराज सिंह, दीवान सिंह, विजय सिंह अधिकारी, मुकुल सनवाल, संजय शाह, राजेंद्र बिष्ट, मनोज वर्मा, अशोक कश्यप, जेपी पंत, हिमांशु जोशी आदि मौजूद थे।

29 बीमारियों से ग्रसित मिले 13540 बच्चे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में परीक्षण किया गया। साल 2024-25 के दौरान नैनीताल जिले में चार श्रेणियों की 29 बीमारियों से 13540 बच्चे ग्रसित पाए गए। इनमें जन्मजात विकृति और बीमारी, बच्चों में किसी भी प्रकार की कमी और बच्चों के मानसिक विकास में रुकावट और दिव्यांगता शामिल है।

नैनीताल जिले के के आठ विकास खंडों में शिक्षा विभाग के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग के 15 सचल दल सक्रिय हैं। साल 2024 -25 में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सचल दलों ने जिले के 1367 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में 75255 बच्चों का और 1416 आंगनबाड़ी केंद्रों में 78513 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चार श्रेणियों की 29 बीमारियों में 13540 बच्चे ग्रसित पाए गए। इनमें 2933 बच्चों को प्राथमिक, सामुदायिक और जिला अस्पताल भेजा गया। न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, कटे होंठ और तालू, मुड़े हुए पैर, जन्मजात मोतियाबिंद, जन्मजात हृदय रोग और सुनने की अक्षमता जैसे गंभीर रोगों से ग्रसित 479 बच्चों को डीईआईसी महिला चिकित्सालय हल्द्वानी भेजा गया। गंभीर रोगों से ग्रसित 168 बच्चों को डीईआईसी हल्द्वानी से उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया। इनमें एक न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, नौ कटे होंठ और तालू, 54 मुड़े हुए पैर, एक जन्मजात मोतियाबिंद, 16 जन्मजात हृदय रोग, सत्रह सुनने की अक्षमता जैसे बीमारियों के 101 बच्चों की चिकित्सा सर्जरी कराई गई।

> राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की समस्त आशाओं और सभी डिलीवरी प्वाइंट पर कार्यरत चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों को समय-समय पर प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे कार्यक्रम के तहत सभी जनसमुदाय को लाभ मिले।
> –**डॉ. हरीश चंद्र पंत**, सीएमओ नैनीताल

APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

Departments	Vacancies Open
Hospital Administration	Assistant Professor
Forensic Science	Assistant Professor
Computer Application	Assistant Professor
Department of Management	Assistant Professor

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

एक नजर

रास्ते में पानी छोड़ने से टोकने पर महिला से मारपीट

सितारगंज : ग्राम रसोईयाफार्म में रास्ते पर पानी छोड़ने से टोकना एक महिला को भारी पड़ गया। 17 जून 2025 को मंजीत कौर पत्नी कमलजीत सिंह निवासी ग्राम रसोईयाफार्म ने आरोप लगाया कि उनके घर के सामने रहने वाली सुनीता कौर पत्नी बूटा सिंह द्वारा जानबूझकर घर के रास्ते में पानी छोड़ा जा रहा था, जिससे आवाजाही में दिक्कत हो रही थी। जब उन्होंने विरोध किया तो सुनीता के पति बूटा सिंह ने डंडे से हमला कर मंजीत कौर के पैर की हड्डी तोड़ दी। इसी दौरान महिला का देवर कुलवंत सिंह और ससुर गुरदेव सिंह भी मारपीट में शामिल हो गए। पीड़िता ने तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली सितारगंज में दी है।

आपसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बाजपुर : आपसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक व्यक्ति के चोटें आई हैं। वार्ड-11 पीडबल्यूडी के सामने कालोनी में शुक्रवार की देर रात दो पक्षों के बीच आपसी बात को लेकर विवाद हो गया जिनमें बात बढ़ी तो हाथापाई होने लगी और जमकर मारपीट हुई, जिसमें 35 वर्षीय शिवम घायल हो गया। घटना के बाद अन्य लोगों के एकत्र होने पर हमला वर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

बाजपुर : बाइक की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मोहल्ला संजय कॉलोनी निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह करीब साढ़े 11:30 बजे वह साइकिल से धर्मशाला बाजपुर के सामने काम पर जा रहा था। आरोप है कि तभी बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

बाजपुर : कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम रानी नागल फौजी कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय मोहम्मद याकूब रसोइया है, जोकि शनिवार को दोपहर बाद करीब एक बजे मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी में काम करके बाइक पर घर लौट रहा था। इसी बीच रामराज रोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक को चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दौड़कर पहुंचे आसपास के व्यापारियों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

राशन को भटक रहे वन नेशन-वन कार्ड के धारक

10 से 12 दिन तक भटकने को विवश हैं उपभोक्ता, सब्र का टूटा बांध तो सैकड़ों लोगों ने काटा हंगामा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : भारत सरकार की राशन वितरण योजना वन नेशन वन कार्ड योजना को चरमराती व्यवस्था या फिर सस्ता गल्ला संचालकों की लापरवाही ने पलीता लगा दिया है। इस कारण यूपी के रहने वाले सैकड़ों राशन कार्ड धारक भटकने को विवश हैं। जब उनका सब्र का बांध टूटा तो कार्ड धारकों ने सिविल लाइन स्थित सस्ता गल्ला दुकान पर जमकर हंगामा काटा। इसके महज दस मिनट बाद ही राशन का वितरण प्रारंभ हो गया, जबकि वेबसाइट नहीं चलने की बात कही जा रही थी।

भारत सरकार ने वन नेशन वन कार्ड योजना संचालित की थी। इसमें कोई भी भारतीय नागरिक राशन कार्ड के माध्यम से कहीं भी और किसी भी सस्ता गल्ला की दुकान से राशन उठा सकता है। इसी योजना के तहत रुद्रपुर में रहने वाले सैकड़ों कार्डधारक हैं जो कि पिछले 10 से 12 दिन से अपनी दिहाड़ी मजदूरी छोड़कर सिविल लाइन स्थित सस्ता गल्ला की दुकान के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन यूपी की वेबसाइट नहीं चलने की बात कहकर गल्ला विक्रेता लौटा रहा था।

शनिवार को जब सब्र का बांध टूटा और बड़ी संख्या में कार्डधारक सस्ता गल्ला की दुकान पर जाकर हंगामा करने लगे तो गल्ला विक्रेता को उनके आक्रोश का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना था कि जब हंगामा काटा गया तो महज 10 मिनट के अंदर ही यूपी की साइट भी चालू हो गई और राशन का वितरण भी प्रारंभ हो गया। इससे साफ हो गया है कि कार्डधारकों को महज टहला रहे थे, जबकि कार्डधारक का राशन ही उनकी जीविका का सहारा है।

सस्ता गल्ला की दुकान के सामने हंगामा काटते कार्डधारक। ● अमृत विचार

क्या बोले राशन कार्ड धारक

वह यूपी बरेली की रहने वाली है और वन नेशन वन कार्ड योजना की कार्ड धारक है। पिछले 10 से 12 दिनों से लगातार सस्ता गल्ला दुकान के चक्कर लगा रही है। हर बार साइट नहीं चलने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है, जबकि वह दिहाड़ी छोड़कर राशन की लाइन में लगती है। जब हंगामा किया तो साइड चालू होने की बात कहकर शांत किया गया। कार्डधारक बेहद ही गरीब है और राशन ही जीविका का सहारा है।
-सरोज, कार्ड धारक

पिछले कई दिनों से चिलचिलाती धूप और छोटे-छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर सस्ता गल्ला की दुकान पर खड़ी है और शाम पांच वक्त तक इंतजार करने के बाद बिना राशन लिए ही लौट रही है। हर बार यूपी की साइट नहीं चलने की बात कही जा रही है, जबकि बाकी सभी कार्ड धारकों को राशन दिया जा रहा है। महज केवल यूपी वन नेशन वन कार्ड के उपभोक्ताओं के साथ भेदभाव हो रहा है। घंटे खड़े होना गरीबी का मजाक है।
-सावित्री मंडल, कार्ड धारक

वन नेशन वन कार्ड योजना के 2000 से अधिक राशन कार्ड हैं और कार्ड धारक कहां से रोशन लेंगे। यह भी कोई कहा नहीं जा सकता। पिछले कई दिनों से यूपी की ही राशन साइड नहीं चल रही है, जबकि उत्तराखंड के अलावा कई राज्यों की साइड प्रारंभ है। जब यूपी की साइट प्रारंभ नहीं होती है तो कार्ड पर राशन देना भी संभव नहीं है। यही कारण है कि कुछ देर के लिए साइट प्रारंभ हुई और तत्काल राशन का वितरण किया गया।
-रवि खुराना, सस्ता गल्ला विक्रेता

वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत जिले में हजारों कार्डधारक हैं। यह योजना भारतीय गरीब नागरिकों के लिए बनाई गई थी। दिहाड़ी मजदूरी के लिए अन्य राज्यों को पलायन करने वाले लोगों को आसानी से राशन मिल सके। सस्ता गल्ला विक्रेताओं द्वारा खासतौर पर यूपी की साइट नहीं चलने की शिकायत कर रहे हैं। हंगामा होने की जानकारी नहीं है। कारण वे अभी अवकाश पर हैं। बावजूद साइट प्रारंभ करने को लेकर वह यूपी के अधिकारियों से वार्ता करेंगे।
-विपिन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

सितारगंज में पालिकाध्यक्ष ने किया नालों का निरीक्षण

नालों की सफाई के निर्देश देते नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: नगर पालिका सितारगंज के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने मानसून में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर क्षेत्र के बड़े नालों एवं नालियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली, सफाई निरीक्षक समेत पालिका कर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने संबंधित विभागों को साफ-सफाई में तेजी लाने, नालियों में जमी गंदगी को शीघ्र हटाने तथा जहां आवश्यक हो वहां मरम्मत कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव न हो, इसके लिए पालिका प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। इसके तहत नालों की नियमित सफाई, जल निकासी की व्यवस्था और अवरुद्ध मार्गों को खोलने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

अध्यक्ष ने कहा कि नगर के हर वार्ड में टीमों को तैनात कर हालात पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। पालिका की इस तत्परता से आमजन ने राहत की सांस ली है और नगरवासी प्रशासन के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं।

100 प्रकोष्ठों के गठन का निर्णय

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्रियों की टीम ने कुमाऊं भ्रमण कर संगठन के विस्तार की संभावनाएं तलाशीं। संगठन ने विभिन्न क्षेत्रों में 100 प्रकोष्ठों के गठन का निर्णय लिया है।

उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री कर्नल (सेनि) सुनील कोटनाला के नेतृत्व में पार्टी की टीम काशीपुर पहुंची। शनिवार की सुबह कविनगर में जिलाध्यक्ष जगदीश बौड़ाई के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए केंद्रीय महामंत्री कोटनाला ने कहा कि संगठन को ऊर्जा देने और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए पूरे राज्य में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी ने 40 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत वह संगठन के केंद्रीय महामंत्री एडवोकेट समीर मुंडेपी व मीनाक्षी, केंद्रीय संगठन मंत्री नैना लखेड़ा के साथ कुमाऊं भ्रमण पर हैं। कहा कि राष्ट्रीय दलों ने पहाड़ की अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया है। पलायन किसी भी तरह के बैरिकेडिंग से नहीं रोका जा सकता, बल्कि इसके लिए पहाड़ में रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, जनसंचार आदि की सुविधाओं की जरूरत है। राज्य में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला असुरक्षा, नशा और लचर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते लोगों का विश्वास राष्ट्रीय दलों से खत्म हो चला है।

उक्रांद जनहित के मुद्दों को लेकर मुखर है। ऐसे में उक्रांद भाजपा और कांग्रेस के लिए बढ़ा खतरा है। उक्रांद ने लोगों को कानूनी मदद देने के लिए अपनी विधिक टीम का गठन कर दिया है। जल्द ही विभिन्न क्षेत्रों के जागरूक लोगों से संपर्क कर सौ प्रकोष्ठों का गठन किया जाएगा। यहां पहाड़पन की संस्थापक कुसुमलता बौड़ाई, समाजसेवी शंभू लखेड़ा व सतेंद्र शक्ति आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में प्रेस वार्ता करते उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री। ● अमृत विचार

खनन चुगान के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा

बाजपुर: कोसी नदी में खनन चुगान के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी चपेट में आकर युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए काशीपुर ले जाया गया, जहां से रेफर करने पर परिजन मुरादाबाद ले गए हैं, वहां एक हॉस्पिटल में उसका उपचार चल रहा है। शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे कोसी नदी के पलविंदर घाट से होकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गुजर रही थी। इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली समेत पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर की चपेट में आकर ग्राम सरकड़ा निवासी 25 वर्षीय हसन अली गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में ही काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहां से रेफर करने पर परिजन मुरादाबाद ले गए हैं।

चार मेडिकल स्टोरों का लिया जायजा

- एक्सपायरी दवा के लिए अलग से रैक और काउंटर बनाने के निर्देश
- दो दिन के भीतर दवाओं के क्रय-विक्रय का सत्यापन कराने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सिविल जज (सीनियर डिविजन) व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर के नेतृत्व में सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान के तहत रुद्रपुर के कई मेडिकल स्टोरों में छापेमारी की गयी। इस दौरान मेडिकल स्टोर स्वामियों को एक्सपायरी दवा के लिए अलग से रैक बनाने और काउंटर बनाने के निर्देश दिए गये। साथ ही दो दिन के भीतर दवाओं के क्रय-विक्रय का सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को सिविल जज (सीनियर डिविजन) व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने डॉक्टर्स लाइन में चार मेडिकल स्टोरों कृष्णा मेडिकल स्टोर, दीपक मेडिकल स्टोर, प्रभु मेडिकल स्टोर और भगवती मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया और इवाइयों की जांच की। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर स्वामियों को एक्सपायरी दवा के लिए अलग से रेक बनाने और काउंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि छापेमारी का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रभावी और सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराना है।

दवा की गुणवत्ता और सुरक्षा को तय करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार, औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला, डॉ.निधि शर्मा आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण करते सिविल जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण। ● अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

दहेज के लिए मारपीट कर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: दहेज के लिए प्रताड़ित व मारपीट कर बेटी की हत्या करने का आरोप लगा मृतका की मां ने बेटी के पति समेत छह ससुरालियों के विरुद्ध केलाखेड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

मोहल्ला स्वार खास रामपुर उप्र निवासी शमशुल निशा ने पुलिस को बताया कि वह एक विधवा है। अपनी सबसे बड़ी बेटी सीमा का निकाह 20 जून 2022 को मोहल्ला मुजफरनगर केलाखेड़ा निवासी रिजवान के साथ किया था। जिसमें सामर्थ्य के अनुसार काफी दान-दहेज, बुलेट बाइक आदि उपहार स्वरूप दिया था। आरोप है कि कम दहेज लाने के ताने देकर पति रिजवान के साथ ही सास सकीला, ननद महनाज व गुलफसा, देवर इरफान बेटी से मारपीट करने लगे और प्रताड़ित कर बेटी से कभी 10 हजार, कभी 5 हजार व कभी 20 हजार रुपये मायके से मंगाते रहे और बेटी की खुशियों की खातिर वह पैसे देती रही। बावजूद इसके इन लोगों के जुल्म कम नहीं हुए। पीड़िता के अनुसार दामाद के ममेरे भाई वर्तमान सभासद नगर पंचायत केलाखेड़ा सरफराज अली निवासी पुलिस थाना वार्ड से इन लोगों की शिकायत की तो उसने भी आरोपियों का पक्ष लिया। इसी बीच पीड़िता सीमा ने अपनी मां शमशुल निशा को बताया कि सरफराज भी इन लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर चुका है। 24 जून की सुबह करीब आठ बजे बेटी सीमा द्वारा रोते हुए बताया कि पति व अन्य ससुराल वालों ने उसे कमरे में बंद कर दिया है। इसी दिन सायं करीब 4 बजे दामाद रिजवान द्वारा काल करके बताया कि सीमा ने फांसी लगा ली है। आनन-फानन में ही वह लोग केलाखड़ा पहुंच गए, जहां पता चला कि बेटी को काशीपुर उपचार के लिए ले गए हैं। वहां से रेफर करने के बाद उसे मुरादाबाद ले जया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने तहरीर में नामजद पति समेत छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

खड़कपुर देवीपुरा रोड से हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: नगर निगम की टीम ने मेयर दीपक बाली के नेतृत्व में शुक्रवार की रात खड़कपुर देवीपुरा रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

पूर्व में चिन्हित किए गए अतिक्रमण स्थलों में से कई ऐसे स्थानों पर से अतिक्रमण हटाया गया, जो नाली की जल निकासी व्यवस्था को प्रभावित कर रहे थे। अतिक्रमण हटाने के बाद नगर निगम की टीम द्वारा संबंधित क्षेत्रों में नालियों की सफाई की गई। जिनमें जमा सिल्ट और कचरा हटाकर जल प्रवाह को सुचारु किया गया। इससे जल निकासी व्यवस्था सामान्य रूप से कार्य करने लगी है। शेष चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शनिवार की शाम दोबारा की जाएगी। उधर, मेयर बाली देर रात 11 बजे निरीक्षण पर पहुंचे और वाणिज्यिक क्षेत्रों में चल रहे नाइट स्वीपिंग एवं कचरा संग्रहण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया और नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की। इस मौके पर सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज बिष्ट, स्वच्छ भारत मिशन के परियोजना प्रबंधक एहतेशाम, पीएमयू प्रतिनिधि जुबैद, पर्यवेक्षक राजेश एवं रिंकू आदि मौजूद रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति, सास और ससुर गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 27 अप्रैल को विवाहिता को आत्महत्या के लिए विवश करने के दहेज लोभी पति, सास और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। आरोप था कि विवाहिता को दहेज की खातिर प्रताड़ित किया और सुसाइड के लिए उकसाया भी। वहीं परिवार ने भी दहेज हत्या का आरोप लगाया था।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि 27 अप्रैल को भूरारानी निवासी गोविंद साहनी की पत्नी निशा द्वारा सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया था। वहीं मृतक के भाई दीपक कुमार ने तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी बहन की शादी 8 जुलाई 2022 को गोविंद के साथ हुई थी और शादी के बाद से ही पति गोविंद साहनी, ससुर नथुनी साहनी और सास गीता देवी, जेठ जितेंद्र साहनी तीन लाख नगद लाने का दबाव बना रहे थे। जब विवशता दिखाई तो 27 अप्रैल को बेरहमी से पीटा था। आरोप था कि बहन की दहेज की खातिर हत्या की गई है। पुलिस ने तफ्तीश की तो आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। जिसके आधार पर नामजद पति गोविंद, सास गीता देवी, ससुर नथुनी साहनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

नहर में गिरे युवक की तलाश जारी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: बीते दिवस नेपाल से घर सितारगंज लौटते समय कालापुल पर नहर में गिरे फरियाद की तलाश में पुलिस, एसडीआरएफ और पीएसी की तैराक टीम पूरे दिन नहर में तलाश करती रही लेकिन कोई उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। रविवार को भी तलाश जारी रहेगी।

शुक्रवार शाम नेपाल से मजदूरी कर घर लौट रहे तुर्का तिसौर निवासी फरियाद और इस्लामनगर निवासी शमशाद की बाइक कालापुल की रेलिंग से टकरा गई थी। जिससे फरियाद और शमशाद नहर में गिर गए। जिसमें शमशाद तो बाहर आ गया लेकिन फरियाद बाहर नहीं सका जिसकी पुलिस देर शाम तक तलाश करती रही। इधर शनिवार को पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ और नानकमता में तैनात 31 बटालियन पीएसी की तैराक टीम नहर में मोटरबोट के साथ तलाश करते रहे लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल सकी। इस दौरान थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा, मनोज देव, एलडी जोशी, एसडीआरएफ के अपर उपनिरीक्षक रवि रावत, प्रकाश मेहता, राजेंद्र नाथ, रोहित परिहार, नरेंद्र सिंह, शिवकुमार राणा, पीएसी के हेड कांस्टेबल पंकज राणा, नवीन कुमार, मनोज राणा, महेंद्र नाथ, दिनेश असवाल, बलदेव सिंह आदि थे।

शारदा नहर में गिरे बाइक सवार की तलाश में जुटी टीमें। ● अमृत विचार

एक नजर

हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

सितारगंज : शक्तिफार्म क्षेत्र के अरविन्दनगर रतनफार्म से देवनगर शक्तिफार्म लौट रहे एक व्यक्ति की सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संजीत राय (57 वर्ष) निवासी देवनगर शक्तिफार्म 17 जून को बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार संजय विश्वास के घर अरविन्दनगर से लौट रहे थे। करीब दोपहर 1:30 बजे कुसमोठ मोड़ पर पीछे से एक सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली ने लापरवाही से बैक करते हुए टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में संजीत राय को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तत्काल प्रयास अस्पताल, फिर एसएस हॉस्पिटल सितारगंज, राममूर्ति अस्पताल और अंत में दिल्ली स्थित आकाश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 27 जून को उनका निधन हो गया। परिजनों ने इस घटना को लेकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में तहरीर दी है। हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

हाइड्रा की टक्कर से सीएनजी ऑटो चालक घायल

रुद्रपुर : 16 जून से प्राइवेट अस्पताल में जिंदगी के संघर्ष कर रहे सीएनजी ऑटो चालक की तहरीर पर पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस चालक की तलाश कर रही है। शिवनगर निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह सीएनजी ऑटो का संचालन कर परिवार का भरण पोषण करता है। 16 जून की दोपहर वह काशीपुर हाईवे स्थित दानपुर के समीप सवारी के इंतजार में खड़ा था। इस बीच हाइड्रा वाहन ने टक्कर मार दी और ऑटो में बैठी कई सवारियों सहित वह भी घायल हो गया। बताया कि वर्तमान में उसका प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है और हालत भी नाजुक बनी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : एक महिला ने हल्द्वानी निवासी एक युवक पर उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 24 जून को उसकी नाबालिग बेटी को हल्द्वानी के कुमाऊं कॉलोनी निवासी अमित आर्या बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसकी उसने काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

सीबीआई-टेलीकॉम अधिकारी बनकर की थी ठगी, आरोपी को एसटीएफ ने हरियाणा से था दबोचा

डिजिटल अरेस्ट: 25 करोड़ के लेनदेन के मिले साक्ष्य

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: खाद्य विभाग के रिटायर्ड अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की साइबर ठगी को अंजाम देने के मुख्य आरोपी के गैंग के खातों में 25 करोड़ के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। आरोपी को साइबर क्राइम की टीम ने हरियाणा से गिरफ्तार किया था। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह के अनुसार, नैनीताल के रहने वाले खाद्य विभाग से रिटायर्ड अधिकारी ने मार्च 2025 को मुकदमा पंजीकृत कराया था। बताया कि 25 मार्च 2025 को उनके मोबाइल पर पहले फर्जी टेलीकॉम अधिकारी और उसके बाद सीबीआई अधिकारी बताकर भयभीत किया और फिर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। महज दस दिन के अंदर खातों से 1.02 करोड़ की धनराशि निकाल ली गई।

प्रकरण की तफ्तीश करते हुए साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरुण कुमार की टीम ने चंद्रशेखर सिकरीवाल निवासी द्वारका दिल्ली को चिह्नित कर लिया था और 27 जून को हरियाणा पुलिस की मदद से फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया था।

प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि 1.02 करोड़ की ठगी में से अभियुक्त को 20 लाख हिस्सा मिला था जो कि आरोपी के खाते से भी पुष्टि हुई है।

इसके अलावा जब पूरे गिरोह के खातों की पड़ताल की तो पता चला कि कई खातों से 25 करोड़ से अधिक की लेनदेन हुई है और अभियुक्त टेलीकॉम अधिकारी या फिर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बनकर खौफ पैदा करता था। इतना ही नहीं डिजिटल अरेस्ट के नाम पर मानसिक यातनाएं देकर साइबर ठगी को अंजाम देता था।

साइबर ठगी के आरोपी के साथ साइबर क्राइम सेल की टीम। ● अमृत विचार

पत्नी के नाम से है फार्मा ट्रिक्स कंपनी

रुद्रपुर : एसएसपी के अनुसार, आरोपी चंद्रशेखर सिकरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि उसने अपनी पत्नी के नाम फार्मा ट्रिक्स इंटरनेशनल ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड फर्म गुड़गांव में खोली थी। उसी फर्म के खाते में बीस लाख की धनराशि का आदान-प्रदान करता था। जांच में यह भी पता चला है कि साइबर ठगी का पैसा फर्म के खाते में खपा दिया था जो कि पकड़ में भी नहीं आती थी।

कई राज्यों में दर्ज हैं साइबर ठगी के 13 मुकदमे

रुद्रपुर : साइबर क्राइम थाना सेल प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि जब आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो पता चला कि दिल्ली साउथ में एक, पंजाब लुधियाना में एक, झारखंड रांची में एक, तेलंगाना में चार, गुजरात अहमदाबाद में तीन, महाराष्ट्र में एक, तमिलनाडु में एक, उत्तराखंड में एक मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा भी कई राज्यों में साइबर ठगी के मुकदमे दर्ज होने की संभावना है।

रुद्रपुर में युवती ने फंदे पर लटककर दी जान

संवाददाता, रुद्रपुर

- सिडकुल की कंपनी में करती थी काम, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में आत्महत्या की घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही है। शुक्रवार की शाम 18 वर्षीय युवती ने सुसाइड कर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना दी कि कृष्णा कॉलोनी स्थित पुराने मकान में एक युवती ने सुसाइड कर लिया है। सूचना के आधार पर दरोगा महेश कांडपाल घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। पूछताछ में पता चला कि 18 वर्षीय युवती का नाम नेहा है। उसके माता-पिता सिडकुल की कंपनी में काम करते हैं। जिस कंपनी में मां मजदूरी करती है, उसी कंपनी में नेहा भी काम करती थी।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जब मां-बेटी कंपनी गए, उस समय प्रबंधन ने मां को काम पर आने दिया, लेकिन नेहा को वापस कर दिया। कारण उसने गुरुवार को बिना बताए ही छुट्टी कर ली थी। जब देर शाम को युवती के माता-पिता घर लौटे तो देखा कि नेहा ने सुसाइड कर लिया। घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सावधान! आपकी आईडी पर एक्टिवेट सिम से हो सकती है साइबर ठगी

भारतीय लोगों की आईडी पर नेपाल के लोगों को बेचे जा रहे थे सिम, एसटीएफ ने पिथौरागढ़ से दबोचा दुकानदार, प्री एक्टिवेट 748 सिम बरामद

कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून/रुद्रपुर

अमृत विचार: अगर आप अपने आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों को लेकर सचेत नहीं हैं तो सावधान हो जाएं। आपके नाम से एक्टिवेट मोबाइल सिम का प्रयोग कोई दूसरा देशविरोधी गतिविधियों या फिर साइबर ठगी में कर सकता है। उत्तराखंड एसटीएफ ने अन्तर्राष्ट्रीय बार्डर नेपाल से सटे सीमांत पिथौरागढ़ के बेरीनाग से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से प्री एक्टिवेट 748 सिम बरामद किए हैं।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने शनिवार को बताया कि, गिरफ्तार आरोपी रघुवीर सिंह कार्की (30) पुत्र हरेन्द्र सिंह कार्की निवासी कालेटी गुर्बुरानी, उपाधया थाना बेरीनाग जनपद पिथौरागढ़ है जो साइबर धोखाधड़ी और अन्य अपराधों के लिए स्थानीय भोले-भाले लोगों के नाम फर्जी मोबाइल सिम एक्टिवेट कराकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देता आ रहा था। उसके खिलाफ थाना बेरीनाग में धारा 3 (5) 318(4) 61(2) बीएनएस 2023 व 42 टेलीकम्यूनिकेशन अधि0 2023 में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। एक्टिवेटेड मोबाइल सिमों के नेपाल के लोगों को बेचे जाने की संदिग्धता पाई गई। आरोपी से स्थानीय लोगों की आईडी पर एक्टिवेट निजी टेलीकॉम कम्पनी के 748 प्री एक्टिवेटेड मोबाइल सिम कार्ड, 12 आधार कार्ड, 5 मोबाइल फोन, पैन कार्ड बरामद किए गए हैं।

1930 नम्बर पर वित्तीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरन्त सम्पर्क करें

फर्जी सिम कार्ड के आरोपी के साथ साइबर क्राइम सेल की टीम। ● अमृत विचार

एसटीएफ ने लगाया 'अंकुश'

अपर पुलिस स्वप्न किशोर, पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा एवं आरबी चमोला के दिशा निर्देशन में गठित निरीक्षक अरुण कुमार की टीम ने सम्बन्धित टेलीकॉम कम्पनियों से पत्राचार कर डाटा लिया तो पता चला कि आरोपी रघुबीर सिंह कार्की बेरीनाग क्षेत्र के नया बाजार में आरके इलेक्ट्रानिक्स व मोबाइल सेन्टर नाम से दुकान चलाता है जो इसकी आड़ में फर्जी सिमों के अवैध व्यापार में लिप्त है। आरोपी पर वर्ष 2024 मे भी फर्जी सिमों के क्रय-विक्रय के सम्बन्ध में थाना बेरीनाग पर अभियोग पंजीकृत हुआ था। आरोपी स्थानीय लोगों के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज लेकर नया सिम जारी करा लेता था और लोगों को पता भी नहीं चलता था। इन प्री एक्टिवेट सिमों के नेपाल के लोगों को बेचे जाने का मामला सामने अपने पर विवेचना की जा रही है।

इस सूचना पर हुई कार्रवाई

एसएसपी नवनीत सिंह के अनुसार, दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक (उत्तर प्रदेश पश्चिम) सुनील भादू, सहायक निदेशक दूरसंचार (उत्तर पश्चिम) प्रवीण जैन तथा निदेशक दूरसंचार विभाग उत्तराखंड लव गुप्ता द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बार्डर नेपाल से सटे सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के बेरीनाग थाना क्षेत्र में थोड़े समय में बड़ी मात्रा में अलग-अलग लोगों के नामों से सिम एक्टिवेट कराकर राष्ट्रविरोधी व साइबर धोखाधड़ी में प्रयोग किए जाने की संभावना जतायी गयी थी।

अपील! यह सावधानी बरतें

एसएसपी नवनीत सिंह ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी सभी दुकानों, पीओएस एजेंटों की रिपोर्ट करें जो मुफ्त ऑफर, मुफ्त रिचार्ज आदि का लालच देकर बड़ी मात्रा में सिम ले रहे हैं। सभी लोग संचार साथी, डीओटी की TAFCOP सुविधा का उपयोग करके यह जांच सकते हैं कि उनके आधार पर कितने सिम कार्ड जारी किए गए हैं। उपयोग किए जा रहे किसी भी संदिग्ध सिम को ब्लॉक करने के लिए रिपोर्ट करें। वित्तीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरन्त 1930 नम्बर पर सम्पर्क करें।

748 नहीं, बल्कि 2000 सिम कार्ड जारी करने का है अनुमान

- वर्ष 2024 में फर्जी सिम बेचने में आरोपी जा चुका है जेल
- मोबाइल एवं सिम कार्ड की आड़ में करता था धंधा

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार: एसटीएफ और साइबर क्राइम सेल की गिरफ्त में आए फर्जी सिम विक्रेता रघुवीर की बेरीनाग में आरके इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मोबाइल सेंटर के नाम से दुकान है। दुकान की आड़ में वह सिम कार्ड खरीदने या फिर नये-नये प्रलोभन देकर भोले-भाले लोगों के दस्तावेज रख लेता था और फिर फर्जी सिम कार्ड जारी कर डालता था।

साइबर क्राइम सेल प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि अभियुक्त रघुवीर की गिरफ्तारी के बाद फिलहाल उसके कब्जे से 748 प्री एक्टिवेटेड सिम कार्ड बरामद हुए हैं। यह सिर्फ वह सिम कार्ड हैं जो नेपाल से भारत आने वाले व्यक्तियों को मुहैया कराये हैं। अभी टेलीकम्यूनिकेशन कंपनियों का अनुमान है कि पिछले कुछ माह में ही आरोपी रघुवीर द्वारा दो हजार से अधिक फर्जी सिम कार्ड का क्रय एवं विक्रय किया है और सिम कार्ड का धंधेबाज वर्ष 2024 में पिथौरागढ़ से जेल भी जा चुका है।

उन्होंने बताया कि बिना आईडी के सिम कार्ड अक्सर आरोपी पोर्ट करवा लेता था और फिर भारत व नेपाल में बेच डालता था। कारण व्हाटसअप, इंस्टाग्राम के अलावा सोशल मीडिया से संपर्क कर सकते हैं। वही साइबर ठग हो या फिर राष्ट्रविरोधी अक्सर इसी प्रकार के सिम कार्ड का प्रयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही अभियुक्त द्वारा जारी सिम कार्ड का डाटा भी लिया जाएगा और यह जानने की कोशिश होगी कि क्या जारी सिम कार्ड साइबर ठग या फिर देश के खिलाफ साजिशकर्ता के पास तो नहीं हैं।

फर्जी सिम प्राप्त करना भी है अपराध

रुद्रपुर : पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ आरबी चमोला ने बताया कि फर्जी सिम प्राप्त करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। प्रकरण तब और ज्यादा गंभीर हो जाता है कि सिम कार्ड भारत या नेपाल जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री होने लगे। पकड़ा गया आरोपी भी लोगों की आईडी वेरिफिकेशन के नाम पर लेता था और अगले ही दिन गलत बायोमेट्रिक आईडी का प्रयोग कर नया सिम कार्ड जारी कर लेता था और भोले भाले लोगों को यह इल्म भी नहीं होता था कि उनकी आईडी पर जारी सिम कार्ड नेपाल के लोगों को बेचे जा रहे हैं।

खुलासे में रही दूरसंचार की अहम भूमिका

रुद्रपुर : एसटीएफ और साइबर क्राइम सेल के गिरफ्त में आए रघुवीर की धरपकड़ में जहां दूरसंचार विभाग गृह मंत्रालय के अलावा टेलीकम्युनिकेशन की कंपनियों की रही है। वहीं डिप्टी डायरेक्टर I4सी मुनेश दत्त एवं पीओएस रूशी मेहता, एसटीएफ सीईओ डॉ .राजेश कुमार, आईजी रूपा, डीसीपी रश्मि शर्मा यादव सहित निदेशक डिजिटल इंटेलिजेंस दूरसंचार मुख्यालय नई दिल्ली नवीन जाखड़ का भी अहम योगदान रहा।

मां से हुआ झगड़ा, तमंचा लेकर डराने पहुंचा बेटा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गांव बिंदुखेड़ा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां मां से झगड़ा होने के बाद बेटा तमंचा लेकर डराने-धमकाने पहुंच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक को दबोच लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

27 जून की शाम को दरोगा देवेंद्र सिंह मेहता रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी गांव बिंदुखेड़ा के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बिंदुखेड़ा तेल मिल तिराहे पर चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देख एक युवक भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चरन सिंह निवासी बिंदुखेड़ा बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने 315 बोर का लोडेड तमंचा बरामद किया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसका अपनी मां से झगड़ा हो गया था और वह तमंचा लेकर परिवार को डराने की कोशिश कर रहा था। धमकाने के बाद वह पैदल ही बिलासपुर भागने की फिराक में था, लेकिन परिवार ने ही पुलिस को सूचना दे दी।

सैनिक की विधवा जमीन घोटाले की शिकार

संवाददाता, सितारगंज

- कुमाऊं कमिश्नर को शिकायती पत्र भेजकर की जांच की मांग
- ऑपरेशन रक्षक के दौरान जम्मू-कश्मीर में शहीद हुआ था पति

अमृत विचार: लोहाघाट (चम्पावत) निवासी शहीद सैनिक पूर्णानन्द की पत्नी निर्मला देवी ने कुमाऊं मंडल के कमिश्नर को भेजे शिकायती पत्र में गंभीर धोखाधड़ी का मामला उजागर किया है।

निर्मला देवी के अनुसार उनके पति वर्ष 1994 में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में 'ऑपरेशन रक्षक' के दौरान आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए थे। उन्होंने वर्ष 2013 में सितारगंज में एक आवासीय भूखंड को नजीर अहमद से मो. सुहैल की मध्यस्थता में खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री उनके नाम 2014 में हुई। बाद में उन्होंने यह भूखण्ड 2016 में सुनीता देवी को विक्रय कर दिया। 5 सितंबर 2016 को उसके नाम रजिस्ट्री भी हो गई। लेकिन 25 दिसंबर 2022 को सुनीता देवी को यह जानकर भारी झटका लगा कि उसके नाम दर्ज प्लॉट पर कोई और मकान निर्माण कर रहा है। जांच में सामने आया कि उक्त प्लॉट को सिमरजीत कौर ने सुनीता देवी से पहले ही किसी अन्य को बेच दिया था और वह महिला नाजबीन वहां निर्माण करा रही है। इस धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी मो. सुहैल है, जिसने एक ही भूखण्ड को दो अलग-अलग लोगों को बेचा। अब सुनीता देवी ने निर्मला देवी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करवा दिया है, जबकि असल में निर्मला देवी स्वयं इस जालसाजी का शिकार हैं। शहीद की विधवा ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि मो. सुहैल के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर न केवल सुनीता देवी को न्याय दिलाया जाए, बल्कि खुद उन्हें भी मानसिक, आर्थिक और सामाजिक पीड़ा से राहत दी जाए। मामले में पुलिस प्रमाण के साथ तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

सतर्कता | राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव ने ली जानकारी, यूएसनगर में 30 जून को चार स्थानों पर होगी मॉक ड्रिल

बारिश को लेकर मॉक ड्रिल की तैयारियों की हुई समीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार सुमन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से टेबिल टॉल एक्सरसाइज से संबंधित बैठक की। इस दौरान उन्होंने राज्य के सभी जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी (आईआरएस प्रणाली के तहत) मॉक अभ्यास को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी।

शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग देहरादून के मौसम वैज्ञानिक विक्रम सिंह ने 29 जून से 1 जुलाई तक 100 मिमी से अधिक की वर्षा होने की संभावना जताई है। इसको लेकर शासन ने जनपद स्तर पर अलर्ट जारी करते हुए जन समुदाय को जागरूक किए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद में प्रस्तावित मॉक अभ्यास में अधिकारियों का उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए सहायक सिद्ध होता है। साथ ही आम जनमानस को भी यह पता चलता है कि बाढ़ के दौरान क्या करें और क्या न करें। वीसी के माध्यम से अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि बाढ़, जलभराव को लेकर 30 जून को जनपद में चार स्थानों पर हरिपुरा जलाशय गुलरभोज, अरविंद नगर सितारगंज, हेमपुर स्माईल काशीपुर व नानकमत्ता जलाशय सितारगंज में मॉक ड्रिल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन गौरव पांडेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक कमांडेंट एसएसबी दिनेश कुमार यादव, डिप्टी कमांडेंट एसएसबी सितारगंज दीपक तोमर, डिप्टी कमांडेंट 31 वीपीएसी मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव की बैठक में मौजूद एडीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

BIU
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
BIUCOP
BAREILLY
Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

सृजन से लोकमंगल

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है।

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है। सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करूऊं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

जगन्नाथ रथः प्रेम और शांति का संदेश



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।

यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रामाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

16.2 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

एएनटीएफ-कोतवाली पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, छह लाख आंकी है कीमत, एनडीपीएस के तहत मुकदमा

ड्रग्स तस्करों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एमडीएमए ड्रग्स के साथ दो सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 16.2 ग्राम ड्रग्स के अलावा एक पिस्टल भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को पर्दाफाश करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 27 जून की शाम को एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय, दरोगा कौशल भाकुनी और कोतवाल मनोज रतूड़ी रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच वे बगवाड़ा चौकी इलाके की तरफ पहुंचे ही थे कि सूचना मिलते ही बाइक पर बैठे दो युवक भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम आकाश दीप सिंह निवासी तिकुनिया खीरी जिला लखीमपुर खीरी, अर्पित सिंह निवासी लालपुर आइडिया कॉलोनी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से 16.2 ग्राम एमडीएमीए ड्रग्स और मैगजीन लोडेड पिस्टल भी बरामद की। पूछताछ में बताया कि दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलर से व्हाटसअप कॉल पर ड्रग्स सप्लाई की डील हुई थी। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

होटल-क्लबों में तो नहीं हो रही हैं एमडीएमए ड्रग्स की पार्टियां

● देव बैसला ने दिया था 12 हजार रुपये का लालच

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिस प्रकार तराई भाबर में हाईफाई नशे की तस्करी होने लगी है। उससे यह अनुमान लगाना कोई गलत नहीं होगा कि होटल या फिर क्लबों में एमडीएमए जैसे खतरनाक ड्रग्स की पार्टियों तो नहीं हो रही हैं। जिसको लेकर पुलिस भी अलर्ट हो गई है। वहीं पूछताछ में यह भी पता चला कि दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलर ही अभियुक्तों को पैसों का प्रलोभन दिया था और ड्रग्स की सप्लाई के लिए राजी किया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने भी खुलासे के दौरान यह संभावना जताई है कि जिस प्रकार जनपद में एमडीएमए ड्रग्स जैसे नशों के मामले सामने आने लगे हैं। उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि रईसजादों का यह नशा क्लब या होटलों में पार्टियों के नाम पर परोसा तो नहीं जा रहा है। जिसके बाद जनपद पुलिस क्लब या फिर होटलों में छापेमार कार्रवाई जल्द करेगी। वहीं पूछताछ में यह भी पता चला कि अभियुक्त अर्पित दिल्ली जनकपुरी में काम करता था और उसकी मुलाकात प्रॉपर्टी डीलर देव बैसला से हुई। जहां उसने अर्पित को उत्तराखंड में ड्रग्स की एक बार सप्लाई करने पर 12000 रुपये देने का प्रलोभन दिया और उसने आकाश दीप को साथ लेकर सप्लाई करने आया था। जिसमें से दो हजार रुपये आकाश को भी देना था। पूछताछ में यह भी पता चला कि धोखाधड़ी के मामले में फरीदाबाद जेल से फरवरी माह में ही रिहा हुआ है।

बेहद ही घातक है ड्रग्स का सेवन

रुद्रपुर : यदि आंकड़ों को देखें तो एमडीएमए ड्रग्स अक्सर मुंबई, दिल्ली या फिर बड़े महानगरों में बिक्री की जाती है। अब इसका प्रचलन उत्तराखंड में होना बेहद ही घातक एवं चिंतनीय विषय बन सकता है। कारण एमडीएमए ड्रग्स का अत्यधिक सेवन हृदय संबंधी समस्याओं, गुर्दे की विफलता के अलावा मौत का कारण बनती है। यही कारण है कि नारकोटिक्स की टीम लगाकर उसकी धरपकड़ भी करती है।

एक्सटसी या मौली के नाम से है फेमस

रुद्रपुर : जानकारों के अनुसार एमडीएमए ड्रग्स जितना घातक है उतना ही उसका नाम भी फेमस है। नशा माफिया अक्सर एमडीएमए ड्रग्स को एक्सटसी या मौली के नाम से फेमस है। यह एक शक्तिशाली सिंथेटिक ड्रग्स है। यह उत्तेजक और मतिभ्रम का काम करती है। केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर उत्साह, ऊर्जा में वृद्धि, सहानुभूति और समय व धारणा में विकृति जैसे प्रभाव पैदा कर डालती है।

क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

● व्यापारी ने लगाया आरोप-मार्गों का पुनर्निर्माण गुणवत्ता विहीन

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्य व लिंक मार्गों में मरम्मत को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि नगर के क्षतिग्रस्त मार्ग विधायक निधि व राज्य वित्त आयोग से डेढ़ वर्ष पूर्व निर्माण करवाए गए थे। उनका आरोप था कि मापन के अनुरूप निर्माण कार्य न होने से समय से पहले मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए।

शनिवार को वार्ड- एक प्लांटेशन मार्ग पर आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जहां पर क्षतिग्रस्त मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मार्गों के साथ लिंक मार्ग डेढ़ से दो वर्षों के बीच गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश मार्ग विधायक निधि व राज्य वित्त आयोग से बनवाए गए हैं। गुणवत्ता विहीन निर्माण होने के कारण दर्जनों मार्ग खस्ताहाल में तब्दील हो गए हैं। हल्की बारिश होने पर मार्ग जलमग्न हो जाते हैं। जिससे राहगीरों व वाहनों का आना-जाना दूभर हो रहा है।

व्यापारी ने कहा कि एक जुलाई से विद्यालय खुलने पर छात्र-छात्राओं का आना- जाना मुश्किल हो जाएगा। व्यापारी ने शासन- प्रशासन से मार्गों पर बने गड्ढों का भराव करवाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि वर्षा से पहले मार्गों पर भराव नहीं करवाया गया तो आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता धरना- प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में आप के वरिष्ठ नेता रवि कुमार, सुभाष माझी, असित कुमार, सुभाष भक्त, नरेश विश्वास, मनोरंजन साना, पंकज राय, तपस घरामी, विक्रम मेहता, दीनदयाल, भगत दास, मृत्युंजय हालदार, मंगतराम, साकिर खान, सुनील भक्त, नरेश मंडल, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

खस्ताहाल मुख्य मार्ग को लेकर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

वार्ड- एक प्लांटेशन में क्षतिग्रस्त मार्ग हल्की बारिश से हुआ जलमग्न।

विचार गोष्ठी, कार्यशालाओं का आयोजन होगा आज

● सांख्यिकी दिवस के रूप में मनेगा प्रो. महालनोबिस का जन्मदिन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि रविवार को प्रो. पीसी महालनोबिस के जन्म दिवस को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर 75 साल का राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) थीम पर आधारित जनपद के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के तहत अर्थशास्त्र, सांख्यिकीय, वाणिज्य संकायों में विचार गोष्ठी, कार्यशालाएं, वेबीनार आदि का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी ने निदेशक प्रशासन गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर व प्राचार्य सरदार भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर व नोडल उच्च शिक्षा को निर्देश दिए हैं कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के तहत अर्थशास्त्र, सांख्यिकीय, वाणिज्य संकायों में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित करायी जाए। इसके अलावा कार्यशालाएं, वेबीनार आदि का आयोजन कराते हुए सूचना एक सप्ताह के भीतर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय के ई-मेल आईडी- us.dsto@gmail.com पर उपलब्ध करायी जाए।

केजीसीसीआई के अध्यक्ष बने पवन अग्रवाल

● वार्षिक सभा में नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : केजीसीसीआई की वार्षिक सभा में वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान नैनी पेपर मिल के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल को अध्यक्ष और रमेश कुमार मिड्ढा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। चैंबर की कार्यकारिणी का कार्यकाल एक जुलाई से 30 जून तक होता है।

कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) की शनिवार को वार्षिक सभा चैंबर हाउस में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन चैंबर के महासचिव आरके गुप्ता ने किया। इस अवसर पर चैंबर की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। जिसमें पदाधिकारी एवं सदस्य चुने गए। पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष अंकित बंसल, महासचिव नितिन अग्रवाल चुने गए। वहीं कार्यकारिणी के सदस्यों में विकास अग्रवाल, भास्कर शर्मा, अश्वनी छाबड़ा, बीवी श्रीधर, विकास सिंह, राजीव कुमार गोयल, नरेश कुमार घई, संजय कुमार अदलखा, संजय अग्रवाल, आलोक कुमार गोयल, अभिषेक अग्रवाल, दुर्गेश मोहन, शरत गोयल, संजय कुमार सिंह, राजीव जिंदल शामिल किए गए हैं।

नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि वे राज्य में उत्तर प्रदेश के समान ही एक नई औद्योगिक पॉलिसी के लिए राज्य स्तर के साथ-साथ केंद्र स्तर पर भी प्रयास करेंगे। चैंबर के विकास के लिए सदस्यों की संख्या को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि चैंबर अध्यक्ष के रूप में सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप वर्ष 2024-25 का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। इसके लिए कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। बैठक में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष योगेश कुमार जिंदल, विकास जिंदल, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, राजीव घई, नरेश घई, अनूप सिंह ने चैंबर के विकास एवं उद्योगों के हित में नई कार्यकारिणी को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहां पर मुदित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मदन मोहन जिंदल, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, एसके मित्तल, नवीन झांजी आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में केजीसीसीआई की नई कार्यकारिणी के सदस्य व पदाधिकारी।

राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लोक सेवा आयोग की ओर से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 आज यानी रविवार को आयोजित की जाएगी। जिसके लिए क्षेत्र में आठ सेंटर बनाए गए।

एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को परीक्षाएं दो पाली में चलेंगी। पहली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी दो बजे से चार बजे तक होंगी। बताया कि परीक्षा के निर्विवाद एवं सफल आयोजन के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास की परिधि में लाउडस्पीकर के प्रयोग को प्रतिबन्धित करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के निर्देश दिये गये है। परीक्षा के लिए शिवालिक होली माउंट एकेडमी, शेमफोर्ड स्कूल, पं. गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज, उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज, समर स्टडी हाल, श्री गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, साई पब्लिक स्कूल व तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सेंटर बनाए गए हैं।

अवैध रूप से बन रहीं 25 दुकानों को किया सील

काशीपुर : विकास प्राधिकरण, राजस्व व पुलिस की टीम ने शुक्रवार को ग्राम लक्ष्मीपुर पट्टी में कार्रवाई करते हुए 25 दुकानों को सील कर दिया। नसरीन जहां ने मकान के लिए प्राधिकरण से नक्शा पास करवाया था। लेकिन उक्त जमीन पर 25 दुकानों के निर्माण करके मार्केट बनाया जा रहा था। कार्यवाही करते हुए विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचकर चालानी कार्यवाही करके दुकानों को सील कर दिया गया। इस दौरान जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण टीम, पुलिस बल, राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार, संबंधित पटवारी और नगर निगम के अवर अभियंता मौके पर मौजूद रहे।

विद्युत चोरी करने पर तीन लोगों पर मुकदमा

● अवर अभियंता की संयुक्त टीम ने की छापेमारी

● इस बार रंपुरा बस्ती में चलाया गया अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रीत विहार, पहाड़गंज और फाजलपुर महरौला में छापेमारी करने के बाद अब विद्युत विभाग एवं विजिलेंस की संयुक्त टीम ने रंपुरा बस्ती में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया और तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

20 जून को अवर अभियंता विद्युत शुभम कुमार और सहायक अभियंता विजिलेंस हल्द्वानी अमित चंद्र आर्या की संयुक्त टीम ने रंपुरा बस्ती में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पाया कि धर्मपाल द्वारा 1.104 किलो वॉट, रवि प्रकाश निवासी वाल्मीकि धर्मशाला रंपुरा द्वारा 0.341 किलोवाट और पूनम द्वारा 0.250 किलोवाट अधिभार की विद्युत चोरी की जा रही है। जिस पर टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए एलटी तार को सील कर दिया। पुलिस ने उपखंड अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

हल्दी विद्युत पावर सब स्टेशन का किया जा रहा कायाकल्प

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : छह करोड़ 20 लाख की लागत से हल्दी विद्युत पावर सब स्टेशन के कायाकल्प का कार्य प्रगति पर है। इससे विद्युत आपूर्ति में आने वाली बाधाएं शून्य हो जाएंगी।

पावर सब स्टेशन में 1.2 करोड़ की वैक्यूम सर्किट ब्रेकर मशीन लगाई जा रही है। विद्युत उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि जल्द ही सब स्टेशन में पांच एमबीए की क्षमता में वृद्धि करते हुए 12.50 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। जिससे सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभाओं सरपुड़ा , बग्गा, रघुलिया, वनगवां, हल्दी, पोलीगंज, पेड़रैया, जमौर, मझोला आदि के उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज और मशीनों की खराबी से होने वाली कटौती से निजात मिलेगी। सहायक अवर अभियंता विनोद जोशी ने बताया पांच करोड़ की लागत से 16 किमी एचटी विद्युत लाइन की तारें भी बदली जाएंगी। जिससे डेढ़ हजार उपभोक्ताओं को तकनीकी खराबी, इंसुलेटर फुंकना, दुर्घटनाओं आदि से छुटकारा मिलेगा। इधर वीसीबी मशीन लगाने के कार्य से विद्युत सप्लाई बाधित हो रही है जो जल्द सुचारु हो जाएगी।

हल्दी विद्युत पावर स्टेशन पर क्षमता बढ़ाने का कार्य करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

सुल्तानपुर पट्टी में ताजिया मोहर्रम कमेटी की बैठक में चर्चा करते समाज के लोग।

सरताज सुल्तानपुर पट्टी ताजिया मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष बने

बाजपुर, अमृत विचार : ताजिया मोहर्रम कमेटी की बैठक शनिवार को इमाम बाड़ा में संपन्न हुई जिसमें मोहर्रम कमेटी की नवीन कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से सुल्तानपुर पट्टी निवासी युवा भाजपा नेता सह मीडिया प्रभारी सरताज आलम को सुल्तानपुर पट्टी ताजिया मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। सरताज ने कहा कि हम सभी मिलकर मोहर्रम का पर्व मनाएंगे और दसवीं का जुलूस निकालेंगे तथा एक-दूसरे के साथ मिलकर चलेंगे। उन्होंने सुल्तानपुर पट्टी के नागरिकों एवं समस्त मोहर्रम कमेटी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर रहमत अली महफूज अली, सफदर, जाफर, साजिद हुसैन, नूर हसन, हाजी मुनब्बर हुसैन, नदीम, मोहम्मद अहमद, सहजाद हुसैन अंसारी आदि मौजूद रहे।

बाघ ने दाह ढाकी में बछड़े का किया शिकार, क्षेत्र में दहशत

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सीमा से लगे दाह ढाकी गांव में एक बछड़े को निवाला बनाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन हुआ है। उधर, वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

शनिवार दोपहर ग्राम दाह ढाकी में बाघ ने एक बछड़े को अपना निवाला बना डाला और बछड़े को खींच कर पॉपुलर के खेत में ले गया। खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने घटनाक्रम को देखा और बाघ की मौजूदगी देख वह काम छोड़ वहां से भाग खड़े हुए। पिछले कई दिनों से बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने घटना की सूचना खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती को दी। वन विभाग टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची और मौके पर वनकर्मियों को तैनात कर दिया। इधर ग्रामीणों ने क्षेत्र में बाघ की वीडियो भी बना ली है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की और अकेले खेतों में न जाने की हिदायत दी। इस अवसर पर वन दरोगा धन सिंह अधिकारी, यूपी वन दरोगा सोनी सिंह, गुरजंट सिंह, दलजीत सिंह, शरण सिंह गिल, कारज सिंह गिल, जॉन मसीह आदि मौजूद रहे।

खटीमा के दाह ढाकी में ग्रामीणों से बातचीत करते वन अधिकारी।

जल जीवन मिशन के कनेक्शन से आठ माह बाद भी पानी नहीं

खटीमा : आठ माह पूर्व जल जीवन मिशन के कनेक्शन में आज तक पानी नहीं मिला। जिसकी शिकायत आज सीएम पोर्टल पर की गयी। शिकायत के जवाब में 24 घंटे में पानी देने का आश्वासन मिला। टेड़ाघाट ग्राम बरी अंजनिया निवासी पंडित मनोरथ तिवारी के आवास पर पेयजल निगम की चंदेली लाइन से आठ माह पूर्व जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन हुआ था। तमाम प्रयास के बाद भी पंडित तिवारी के घर पानी नहीं पहुंचा। परेशान कनेक्शन धारक तिवारी ने आज 29 जून को सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की। जिसके जवाब में बताया गया कि 24 घंटे के अंदर संबंधित विभाग के अधिकारी को तलब कर जवाब मांगा जाएगा।

त्रिस्तरीय शिक्षक व्यवस्था लागू न करें

● उत्तरांचल टीचर्स एसोसिएशन से एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : उत्तरांचल टीचर्स एसोसिएशन की स्थानीय शाखा ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा विभाग में त्रिस्तरीय शिक्षक व्यवस्था को लागू न करने की मांग की है। उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के स्टेनो मनीष पंत को सौंपा।

एसडीएम को संबोधित ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा है कि इस व्यवस्था के लागू करने को लेकर प्राथमिक शिक्षकों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा है कि इस व्यवस्था से प्राथमिक के सहायक अध्यापक के तीन पदोन्नति के अवसर समाप्त हो जाएंगे। प्राथमिक शिक्षक के पास पूरे सेवाकाल में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति का एक मात्र विकल्प रह जाएगा। प्रधानाध्यापक प्राथमिक के पद पर पदोन्नति के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति के समस्त अवसर समाप्त हो जाएंगे। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के माध्यमिक विद्यालयों में विलीनीकरण से शिक्षा का अधिकार में निहित प्रावधान 11-14 वय वर्ग के बच्चों को प्रत्येक तीन किलोमीटर की दूरी पर शिक्षा प्रदान करने हेतु विद्यालय स्थापित कर अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के नियमों का उल्लंघन होगा। जिससे बालक-बालिकाओं के ड्राप आउट रेट में भारी वृद्धि होगी तथा बाल हित प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा है कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के माध्यमिक विद्यालयों में विलीनीकरण से वर्तमान में स्थापित विद्यालय भवन निष्प्रयोज्य हो जाएंगे। जिससे राज्य सरकार की खरबों राशि से निर्मित सम्पत्ति का भारी नुक्सान होगा। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विलीनीकरण से प्रदेश में बीस हजार प्रारम्भिक शिक्षकों के पद मृत संवर्ग घोषित हो जाएंगे। जिससे नियुक्ति/ रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे और बेरोजगारी बढ़ेगी। त्रिस्तरीय शिक्षक व्यवस्था पर विचार न किया जाए अन्यथा संगठन छात्र एवं शिक्षक हित में आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में दिनेश बगोटी, हरीश भट्ट, महेश रौतेला, गौरी शंकर जोशी, नवीन पोखरिया, भुवन उप्रेती, राकेश राणा, नवीन राना लक्ष्मण नेगी, रमेश रावत, राजेश चंद्र जोशी, नितिन चौहान, पूरन बिष्ट, अर्जुन खोलिया शामिल रहे।

खटीमा में ज्ञापन सौंपते प्राथमिक टीचर्स एसोसिएशन के शिक्षक। ● अमृत विचार

न्यायालय में बेहतर पैरवी के लिए राज्य सरकार की कवायद आरंभ

सीएस ने विभाग, सरकार और सरकारी अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय को की बैठक

तैयारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड शासन के फैसलों पर आए दिन न्यायालय द्वारा कड़ी कार्यवाही के प्रकरणों में बेहतर पैरवी के संदर्भ में कवायद शुरू हो गई है। मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन ने शनिवार को न्यायालयों में चल रहे सरकारी मामलों की बेहतर पैरवी के लिए विभाग, सरकार और सरकारी अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय के लिए अपने सभागार में शासन के उच्चाधिकारियों एवं सरकारी अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की।

उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि जिन विभागों के अधिकतम मामले न्यायालयों में चल रहे हैं, ऐसे प्रमुख विभागों के मामलों के लिए संबंधित विभाग में, शासन में और सरकारी अधिवक्ताओं में नोडल अधिकारी नामित कर दिए जाएं, ताकि सम्बन्धित मामले में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा चर्चा के लिए किससे संपर्क करना है, यह सुनिश्चित हो सके। कहा कि नोडल अधिकारियों को लगातार अपडेट रहने की आवश्यकता है। सीएस बर्द्धन ने कहा कि केस को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के लिए विभाग, सरकार और अधिवक्ताओं के बीच संवाद हो सके, इसके लिए एक सिस्टम और मैकेनिज्म तैयार किया जाए। किसी मामले को न्यायालय में जाने पर उचित विभाग को पक्ष बनाया जाना भी आवश्यक है। गलत विभाग को पक्ष बनाए जाने पर मामलों में अनावश्यक देरी होती है।

अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

केसों की ससमय तैयारी व समीक्षा के लिए तैयार करें एप या सॉफ्टवेयर

मुख्य सचिव बर्द्धन ने कहा कि सरकार के बड़े और महत्त्वपूर्ण मामलों को शीघ्र निस्तारित किए जाने हेतु मजबूत पैरवी की जाए। सभी केसों की ससमय तैयारी और समीक्षा हो सके, इसके लिए कोई एप या सॉफ्टवेयर तैयार किया जाए ताकि मामलों की जानकारी आसानी से साझा की जा सके। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख सचिव, न्याय, प्रदीप पंत, सचिव शैलेश बगौली, एडीजी डॉ. वी. मुरुगेशन, ए पी अंशुमान, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. रंजीत सिन्हा एवं युगल किशोर पंत सहित सरकारी अधिवक्ता मौजूद रहे।

बस हादसे में मृतकों की संख्या पांच हुई

देहरादून: रुद्रप्रयाग में बस हादसे के दो दिन बाद एक और महिला का शव पौड़ी जिले में अलकनंदा नदी के किनारे बरामद किया गया, इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। यह शव श्रीनगर-कीर्तिनगर बांध क्षेत्र में मिला, जो दुर्घनास्थल से करीब 40 किलोमीटर दूर है। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने कहा कि गुजरात के पुना कुंभारिया निवासी 19 वर्षीय मौली सोनी की पहचान दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांचवें व्यक्ति के रूप में की गई है। शुक्रवार तक चार शव मिल चुके थे और अब मौली का शव मिलने के बाद मृतकों की संख्या बढ़ कर पांच हो गई है। दुर्घटना में घायल आठ लोगों का इलाज जारी है। इनमें से चार रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में और चार एम्स ऋषिकेश में भर्ती हैं।

कच्ची शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

काशीपुर: पुलिस ने कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कुंडेश्वरी पुलिस ने मालवा फार्म रोड से खंडहरनुमा मकान के अंदर से खरमासा निवासी विक्की को 15 लीटर व प्रतापपुर चौकी पुलिस ने एसआरएफ फैक्ट्री के अंडर पास से कच्ची शराब बेचते शान्तिनगर निवासी मान सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

सूचना कार्मिक दायित्वों का करें निष्ठा से निर्वहन: तिवारी

कार्मिकों को संबोधित करते डीजी सूचना बंशीधर तिवारी, साथ में मौजूद आशीष त्रिपाठी, केएस चौहान एवं डॉ. नितिन उपाध्याय।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि सूचना विभाग का कार्य सरकार की नीतियों व योजनाओं का जनहित में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करना है। सभी कार्मिक अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करें। संघ द्वारा रखी गई मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। कार्मिकों के लिए विशेष रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे।

महानिदेशक तिवारी ने शनिवार को सूचना भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने समारोह में कार्मिकों और अधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी ने संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते कहा कि विगत समय में भी संघ द्वारा रखी गई मांगों का प्राथमिकता पर समाधान किया गया है।

संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत ने कहा कि संघ का प्रयास होगा कि कार्मिकों के हितों को शीघ्र समाधान कराया जा सके। इसके लिए अधिकारियों से निरंतर संवाद किया जाएगा। आगामी समय में संघ का जनपद स्तर तक विस्तार होगा। संघ के महामंत्री अंकित कुमार ने कहा कि संघ का उद्देश्य रहेगा कि कार्मिकों के हितों का शीघ्र समाधान हो। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक केएसचौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया, सहायक निदेशक एलपी भट्ट, पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह बुदियाल, पूर्व महामंत्री केएस पंवार एवं सुरेश चन्द्र भट्ट सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

अध्यक्ष पद पर कैलाश रावत, उपाध्यक्ष पद पर संयुक्त रूप से प्रशांत रावत, संजय कुमार, महामंत्री पद पर अंकित कुमार, संयुक्त मंत्री पद पर पारूल, कोशाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार धीवान, संगठन मंत्री पद पर सत्येंन्द्र बिजल्वाण, संयोजक/ऑडिटर पद पर अरूण कुमार, प्रचार मंत्री पद पर बहादुर सिंह कन्याल, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बालम सिंह नगरकोटी, पप्पू चौहान, आरती गुणवंत, चन्द्र बल्लभ, माधुरी सेमल्टी, भरत रावत, गोपाल बिष्ट, विजय रावत द्वारा शपथ ग्रहण की गई।

स्वास्थ्य विभाग में 9 मृतक आश्रितों को मिली नौकरी

देहरादून: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत अनुकंपा के आधार पर 9 मृतक आश्रितों को कनिष्ठ सहायक पद पर नौकरी प्रदान की गई है। इन सभी मृतक आश्रितों को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नियुक्त पत्र वितरित किए। विभागीय मंत्री ने कहा कि इन सभी लोगों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर मृतक आश्रित कोटे के तहत कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति दी गई है। इनमें सूरज कुमार को सीएमओ कार्यालय टिहरी, पियूष पनियाल को सीएमओ कार्यालय देहरादून, चन्द्रकला गोस्वामी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थल, पिथौरागढ़, अंकुर इन्द्रवाण को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव, उत्तरकाशी, कामना कुंवर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग, सौम्या त्रिपाठी को उप जिला चिकित्सालय हल्द्वानी, प्रीतम सिंह नेगी को स्वास्थ्य महानिदेशालय देहरादून, जमुना पंवार को उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर, और विपिन नेगी को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पौड़ी में तैनाती दी गई। इस अवसर पर डीजी स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगी आदि मौजूद रहे।

हाईकोर्ट सख्त, 30 तक पात्रता सूची जारी करें

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह स्थानांतरण अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करे। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विनय कुमार एवं विपुल शर्मा उपस्थित रहे, जबकि राज्य की ओर से एसएस चौधरी व रजनी सुप्याल लटवाल, ब्रिफ होल्डर के रूप में पेश हुए।

याचिकाकर्ताओं की मुख्य शिकायत यह थी कि स्थानांतरण अधिनियम के अनुसार पद रिक्तियों के संबंध में पात्रता सूची तैयार कर विकल्प आमंत्रित करने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। संबंधित पद जिला स्तर के अधिकारी अर्थात् नामित अधिकारी का बताया गया है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि पदों की संख्या कम होने के कारण यह प्रक्रिया सीमित समयावधि में पूरी की जा सकती है। अतः द्वितीय उत्तरदाता (प्राधिकृत अधिकारी) को निर्देशित किया गया है कि, 30 जून 2025 तक पात्रता सूची एवं रिक्त पदों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए। सभी पात्र अभ्यर्थियों को 7 जुलाई 2025 तक विकल्प देने की अनुमति होगी। स्थानांतरण आदेश 11 जुलाई 2025 तक पारित किए जाएं। प्रकरण की अगली सुनवाई 14 जुलाई 2025 को निर्धारित की गई है। इस मामले को हाईकोर्ट में महिमानंद जोशी व अन्य ने चुनोती दी है।

बाढ़ से निपटने को प्रशासन पूरी तरह तैयार

देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ का प्रभावी तरीके से सामना करने तथा जल भराव की स्थितियों से कारगर तरीके से निपटने के लिए 30 जून को प्रस्तावित मॉक ड्रिल की तैयारियों को शनिवार को अंतिम रूप दिया गया। मॉक ड्रिल को लेकर जनपदों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस दौरान जनपदों में जिन परिदृश्यों पर मॉक ड्रिल की जानी है, उन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा मॉक ड्रिल के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इस वर्ष मौसम विभाग द्वारा सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अत्यधिक बारिश होने के कारण राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ तथा जलभराव जैसी समस्याओं से प्रभावी तरीके से निपटने और बचाव कार्यों को संचालित करने के लिए इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।

6 लाख के जाली नोट बरामद, तीन गिरफ्तार

- एसएसपी हरिद्वार के इनपुट पर कैसिनो प्रकरण के बाद अब जाली नोट का बड़ा खुलासा
- सीआईयू और कोतवाली पुलिस ने बाजार में खपाने से पहले गैंग को दबोचा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: हाईफाई कैसीनो के खुलासे के बाद अब हरिद्वार पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गैंग को बेनकाब किया है। गिरफ्तार तीन जालसाजों से बाजार में खपाने से पहले ही छह लाख रुपये के जाली नोट और उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल को इनपुट मिला था कि हरिद्वार जिले में बड़े स्तर पर जाली नोटों को चलाने वाला गैंग सक्रिय है। इस इनपुट पर काम करते हुए कोतवाली रुड़की के एसआई ध्वजवीर और सीआईयू रुड़की के प्रभारी अंकुर शर्मा की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन को अंजाम दिया और बाजार में जाली नोट चलाने जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को लक्ष्मी बिहार कॉलोनी मार्ग से दबोचकर उसके कब्जे से 500-500 रुपये के जाली नोटों की 2 गड्डियां बरामद कीं। सख्ती से पूछताछ करने पर मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पास ही स्थित एक कमरे पर छापा मारा। छापेमारी में पुलिस टीम ने मौके से दो और सौदागरों को दबोच लिया। कमरे की तलाशी लेने पर वहां से 500-500 के जाली नोटो की 10 गड्डियां, 4 मोबाइल फोन, 2 ब्लैक मिरर शीशे बडे, 2 ब्लैक मिरर छोटे, 2 बोतल कैमिकल और 1 प्रिन्टर बरामद किया गया।

एसएसपी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों, बालेश्वर उर्फ बाली निवासी भोटावाली पांवटा साहिब जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश हाल निवासी ग्राम हरीपुर हरबर्टपुर विकासनगर देहरादून, मनीष कुमार निवासी रायसी कोतवाली लक्सर और हिमांशु निवासी वर्ल्ड बैंक कालोनी रुड़की के खिलाफ रुड़की कोतवाली में संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। इस गैंग के 5 अन्य व्यक्तियों के नाम प्रकाश में आए हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल।

रुड़की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए नकली नोटों के सौदागर।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

बच्चों को गायन, वादन व नृत्य की शिक्षा दी

रामनगर: संस्कार भारती की ओर से पुष्कर सोसायटी के तत्वावधान में चल रही नि:शुल्क संगीत कार्यशाला का आस्थान मॉल में समापन हो गया। आयुष म्यूजिक अकादमी के प्रकाश कोटवाल ने 7 दिन तक बच्चों को गायन, वादन व आध्या गुप्ता एवं खुशी शर्मा ने नृत्य की शिक्षा दी। छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रशिक्षिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संस्कार भारती के ईशान अग्रवाल, शलभ मित्तल, जिला नैनीताल के अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, कार्यकारी अध्यक्ष ऋषि गुप्ता, संदीप गर्ग, पूनम गुप्ता व हेमा जोशी मौजूद रहे।

हैड़ाखान मंदिर में औषधि पौधे वितरित किए

हल्द्वानी: श्री 1008 हैड़ाखान मंदिर में शनिवार को कासनी मैन सेवानिवृत्त रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने औषधि पौधे श्रृद्धालुओं को नि:शुल्क वितरण किए। उन्होंने कासनी, अश्वगंधा, सहजन, आंवला, तेजपात, कटहल, बेलपत्र,नीम, हरसिंगार और नींबू आदि के पौधे वितरित किए। इस मौके पर मंदिर समिति के सचिव दिनेश सुयाल, बालम सिंह देबका, भुवन चंद्र सुयाल, प्रधान पुजारी संतोष सती, बालाचार्य, नर्सरी के संचालक गौरव बिष्ट आदि उपस्थित रहे। मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि सेवानिवृत्त के बाद वे नियमित रूप से जनता को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और नि:शुल्क पौधे वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

स्वदेशी आर्थिक मॉडल को अपनाने पर दिया जोर

हल्द्वानी: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 21वें उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन (यूपीयूईए) के राष्ट्रीय सम्मेलन में विकसित भारत 2047 की दिशा में आत्मनिर्भर, समावेशी और स्वदेशी आर्थिक मॉडल को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल ने कहा कि हमें पश्चिमी नीतियों की नकल छोड़कर अपने ऐतिहासिक अनुभव, सांस्कृतिक विरासत और संसाधनों के आधार पर भारतीय संदर्भ में विकास का रास्ता ढूंढना होगा। सम्मेलन में पारिस्थितिकीय स्थिरता, आजीविका सुरक्षा, वित्तीय स्थिरता, भारतीय ज्ञान प्रणाली और उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के सतत विकास जैसे विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित हुए। इस दौरान प्रो. गीता सिंह, प्रो. डिंपल विज, प्रो. सुधीर शर्मा, प्रो. मनमोहन कृष्ण, प्रो. अनीता चौधरी, प्रो. राजेन्द्र ममगाईं समेत देशभर से आए वरिष्ठ शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने अपने विचार रखे। प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल ने विकसित भारत 2047 विषय पर स्मृति व्याख्यान दिया, जबकि शाम को आयोजित कवि सम्मेलन में सामाजिक-आर्थिक सरोकारों को रचनात्मक अभिव्यक्ति मिली। प्रो. एमके अग्रवाल को संस्था की ओर से एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन समिति में प्रो. मंजीरी अग्रवाल और प्रो. विनोद श्रीवास्तव की प्रमुख भूमिका रही। प्रो. मनमोहन कृष्ण ने कहा कि भारत उत्पादकों की संस्कृति वाला देश रहा है, लेकिन हमने अपने समावेशी आर्थिक मूल्यों को छोड़कर उपभोगवादी मॉडल अपनाया, जिससे आत्मनिर्भरता को नुकसान पहुंचा है।

वर्ग पहेली-16

बाएं से दाएं

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

ऊपर से नीचे

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



वर्ग पहेली -15 का हल

1 श	रा	स	न	■	2 पु	
■	■	■	■	3 बं	द	नी
■	■	4 ब	■	दा	■	ता
■	5 म	हा	ज	न	■	■
6 दं	दा	ना	■	7 वा	क	या
■	र	■	■	ज़	■	■
■	■	8 खा	टी	■	9 धे	री

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

वृष — आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

मिथुन — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

कर्क — आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

सिंह — आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

कन्या — आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

धनु — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

कुंभ — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

मीन — आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5		1				7
9				6			1	
	1		2			4	6	
8		7		4		3		
	4		9		6		5	
		1		3		9		8
	8	6			5		7	
	2			7				3
4				2		1		

सुडोकू - 22 का हल

8	3	5	1	9	4	7	6	2
7	1	4	2	3	6	8	9	5
2	6	9	7	8	5	1	4	3
6	5	8	4	1	9	3	2	7
9	2	7	6	5	3	4	8	1
1	4	3	8	7	2	9	5	6
3	9	2	5	4	1	6	7	8
4	7	6	3	2	8	5	1	9
5	8	1	9	6	7	2	3	4

यातायात बंद होने पर क्वारब पुल पर खड़े नहीं होंगे वाहन

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने किया क्वारब मार्ग का निरीक्षण, पुलिस कार्मिकों को मार्ग के दोनों ओर सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मानसून के बीच क्वारब मार्ग में दिक्कत को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शनिवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने हाइवे के अधिकारियों के साथ क्वारब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में तैनात पुलिस कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि यातायात बंद होने पर क्वारब पुल पर कोई भी वाहन खड़ा न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

दरअसल, अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दरकती पहाड़ी मुसीबत का सबब बनी हुई है। इन दिनों बरसात के चलते मार्ग कीचड़ से पट जा रहा है। जिससे यहां से आवगमन करने वाले वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कई बड़े वाहनों के धंसने से मार्ग में जान जैसी स्थिति बन रही है। इसी को देखते हुए शनिवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने क्वारब मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि यातायात बाधित होने की स्थिति पर पुल के ऊपर कोई भी वाहन खड़ा ना हो इसका ध्यान रखें। इसके अलावा उन्होंने क्वारब से एक-एक कर वाहनों को निकालने की बात कही। वहीं, मार्ग के दोनों ओर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। यहां निरीक्षण के दौरान सीओ जीडी जोशी, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय आदि पुलिस और हाइवे के अधिकारी मौजूद रहे।

शनिवार को क्वारब मार्ग का निरीक्षण करते एसएसपी देवेंद्र पींचा व नेशनल हाइवे के अधिकारी। ● अमृत विचार

भारी वाहनों के दोनों ओर से संचालन पर रोक रहेगी

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा–हल्द्वानी हाइवे के क्वारब के पास खतरे को देखते हुए प्रशासन ने मार्ग से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके लिए अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के भारी वाहनों के लिए डावर्जन प्लान लागू किया है। जबकि तराई से आने वाले वाहनों के लिए भी यहीं प्लान लागू रहेगा। क्वारब के पास खतरनाक बन रहे मार्ग और पहाड़ी से गिर रहे बोल्डर के खतरे को देखते हुए दोनों ओर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। डावर्जन प्लान के तहत बागेश्वर, कौसानी और सोमेश्वर से हल्द्वानी को जाने वाले भारी वाहनों को कोसी से मचखाली वाया रानीखेत होते हुए संचालित होगे। जबकि पिथौरागढ़, धौलछीना और दन्या से हल्द्वानी को जाने वाले वाहन बाड़ेछीना दन्या–सुवाखान–लमगड़ा वाया शहरफाटक होते हुए आगे जाएंगे। वहीं, अल्मोड़ा से हल्द्वानी को जाने वाले वाहनों का संचालन बेस तिराहा–पांडेखोला–कोसी वाया रानीखेत होते हुए और सिकुड़ाबैंड–लमगड़ा वाया शहरफाटक होते हुए संचालित होंगे। यह डायवर्जन नियम हल्द्वानी से पहाड़ की ओर आने वाले वाहनों के लिए भी लागू होगा।

एक जुलाई से रात में हाइवे पर वाहन का संचालन बंद

संवाददाता, टनकपुर

- आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी किए निर्देश
- एम्बुलेंस, अग्निशमन आदि संबंधित वाहन रहेंगे इस प्रतिबंध से मुक्त

अमृत विचार : मानसून काल के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर 1 जुलाई से अग्रिम आदेशों तक रात्रिकालीन वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

एडीएम जयवर्धन शर्मा ने बताया कि यह निर्णय संवेदनशील मार्गों पर भूस्खलन, दुर्घटनाओं एवं अन्य आपदाजनित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया कि चम्पावत से घाट की ओर रात्रि 10 बजे से प्रातः 4 बजे तक, बनलेख से टनकपुर की ओर रात्रि 9 बजे से प्रातः 5 बजे तक, ककरालीगेट से चम्पावत की ओर रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक होगा। एडीएम ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित अवधि में किसी भी दुर्घटना या अवैध वाहन संचालन की स्थिति में संबंधित थाना व चौकी प्रभारी पूरी तरह उत्तरदायी होंगे। एम्बुलेंस, अग्निशमन एवं अन्य अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। यदि किसी अन्य वाहन का प्रतिबंधित अवधि में संचालन आवश्यक हो, तो क्षेत्रीय उप जिलाधिकारी अथवा पुलिस क्षेत्राधिकारी स्थिति की समीक्षा कर अनुमति देने के लिए अधिकृत होंगे।

एडीएम शर्मा ने आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं परिवहन एजेंसियों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें, ताकि मानसून काल में जनहानि एवं सड़क दुर्घटनाओं से प्रभावी रूप से बचा जा सके।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों लोक गीतों की रही धूम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: श्रीराम सांस्कृतिक संस्था की ओर से जीआईसी खेल मैदान में कुमाऊं महोत्सव जारी है। शुक्रवार रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लोक गीतों की धूम रही। बड़ी संख्या में लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लुप्त उठाया।

महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने दीप जलाकर किया। इसके बाद लोक गायक इंदर आर्या ने कुमाउनी-गढ़वाली गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बोल हीरा बोल, के छू तेरो मन मा..., तेरो लेहंगा के भलो साजी रो..., नजर न लागी तुके..., ठुमक ठुमक जब हिटोची तू पहाड़ी बटुमा.., आदि गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर युवाओं को झूमने में मजबूर कर दिया। वहीं, अन्य कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर महोत्सव में खूब रंग जमाया। यहां समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, हरीश कनवाल, विनीत बिष्ट, डॉ. संतोष बिष्ट, गीतम भट्ट शर्मा, अमरनाथ सिंह नेगी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, परितोष जोशी, प्रमोद पांडे, लियाकत अली खान, अजय वर्मा, ताराचंद्र जोशी, नितिन गुप्ता, मुराद खान आदि रहे।

महोत्सव में प्रस्तुति देती कलाकार।


लोक गायक इंदर आर्या।

जिलाधिकारी ने ली त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार: जनपद चम्पावत में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में कलक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार के अध्यक्षता में नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने निर्वाचन से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवधानरहित संपन्न हो। बैठक के दौरान मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति, लॉजिस्टिक तैयारियां, मतदाता सूची का सत्यापन, कार्मिक व्यवस्थापन एवं उपलब्धता, प्रशिक्षण कार्यक्रम, मतदान सामग्री जैसे मतपत्र एवं मतपेटी, चिकित्सा व्यवस्थाएं, सुरक्षा प्रबंधन, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा तथा मॉडल आचार संहिता के अनुपालन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से पूरी की जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी पूर्ण उत्तरदायित्व एवं सतर्कता से कार्य करें। बैठक में सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एडीएम जयवर्धन शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी भूपेंद्र कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल आदि मौजूद रहे।

चम्पावत में बैठक लेते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

यूपीएससी परीक्षा के लिए धारा 163 लागू

अल्मोड़ा, अमृत विचार: उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा के दिन अल्मोड़ा में धारा 163 लागू करने के आदेश एसडीएम सदर संजय कुमार ने दिए है।

केंद्रों में आज उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न केंद्रों में परीक्षा को लेकर शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना को देखते हुए परीक्षा को सफल एवं शांतिपूर्ण संपादन के लिए धारा 163 लागू की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार नियत परीक्षा तिथि को परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि सीमा के अंतर्गत अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार एवं लाठी डंडा, ध्वनि विस्तारक यंत्र ले जाने पर रोक रहेगी।

बारिश ने पाली गांव में मचाया कहर

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: गत रात्रि हुई तेज बारिश ने कपकोट क्षेत्र के पाली गांव में कहर मचाया। बरसात से सड़कें मलबे में पट गई। कई दुकानों व घरों में मलबा घुस गया। सूचना मिलते ही कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे तथा आपदा प्रबंधन कराया। वहीं बागेश्वर में सरयू नदी के उफान में आने से नदी किनारे कई लोगों के घरों में पानी घुस गया। इधर दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी व एसपी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

बरसात से कपकोट- पिंडारी मोटर मार्ग पर लगभग तीन फीट तक मलबा आ गया तथा सड़क किनारे बनी कई दुकानों व घरों में मलबा घुस गया। सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम वहां पहुंची तथा उन्होंने आपदा प्रबंधन कार्य प्रारंभ कर दिया। साथ ही प्रशासन की टीम ने नाले का बहाव बदला। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया भी वहां पहुंचे तथा नाला शांत होने व पानी का बहाव बदलने तक लगभग चार घंटे तक मौके पर ही रहे। कपकोट क्षेत्र में तेज बारिश के बाद सरयू नदी भी उफान में आ गई तथा नगर में नदी किनारे बसे कई मकानों के घरों में पानी घुस गया। सभासद नवीन रावल ने मौके पर पहुंचकर कई लोगों के घर खाली करवाए तथा उनका सामान सुरक्षित स्थानों पर भेजा। पुलिस ने भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों से घर खाली करवाए तथा नदी किनारे न जाने की सलाह दी। कपकोट में आपदा के बाद दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, डीएम आशीष भटगांई, एसपी चंद्रशेखर, एसडीएम अनिल रावत व तहसीलदार देवेंद्र लोहनी ने नगर समेत दानपुर व सरयूघाटी के गांवों का भी निरीक्षण किया।

आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा करते कपकोट विधायक, दर्जा राज्य मंत्री व अन्य प्रतिनिधि।

प्रवासी उत्तराखंडियों ने चार स्कूलों में लगाए समर कैम्प

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका और राज्य सरकार के प्रवासी उत्तराखंडी सेल की ओर से पौड़ी, टिहरी और अल्मोड़ा के चार स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने विभिन्न तरह की शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।

प्रवासी सेल के प्रभारी सुधीर चंद्र नौटियाल ने शनिवार को बताया कि उत्तराखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए चार जगहों पर इन समर कैम्प आयोजित किया। पौड़ी जिले के डबरालस्यूं में पांच से 15 जून के बीच समर कैम्प में छात्र–छात्राओं को बुक रीडिंग, योगा, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत, पर्यावरण अध्ययन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पीएम श्री जीआईसी बल्ली में 16 जून को 10 दिवसीय समरकैम्प में विद्यालय के 70 छात्र-छात्राओं ने विविध गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी तरह, अल्मोड़ा जनपद के राजकीय जूनियर हाई स्कूल अल्मोड़ा और रूप ज्योति पब्लिक स्कूल ग्वालकोट में 18 जून से 10 दिवसीय समर कैम्प शुरु हुआ है जो 28 जून को सम्पन्न हुआ।

रेलवे अंडरपास और संपर्क मार्गों की बदहाली पर प्रशासन सख्त

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर टनकपुर-बनबसा क्षेत्र से लगे ग्रामीण क्षेत्रों मनिहारगोठ, सैलानीगोठ, फागपुर, भजनपुर, देवीपुरा, देशीफार्म, पचपकरिया में शनिवार को एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम द्वारा रेलवे अंडरपास एवं ड्रेनेज सिस्टम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि इन ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे भूमि के समीप जलभराव, आवागमन में कठिनाई, तथा साफ-सफाई की समस्याएं लगातार सामने आ रही थी। रेलवे अंडरपास में जलभराव की शिकायतें लंबे समय से प्राप्त हो रही थी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रेलवे विभाग के सेक्शन इंजीनियर यशवंत सिंह को निर्देशित किया कि रेलवे अंडरपास में जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से दूर किया जाए। साथ ही अंडरपास में प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट की व्यवस्था, आवश्यक संकेतक की स्थापना एवं सुरक्षा की दृष्टि से अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार, सिंचाई विभाग से आरके यादव, रेलवे सेक्शन इंजीनियर यशवंत सिंह आदि रहे।

टनकपुर में रेलवे ग्रामीण संपर्क मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम आकाश जोशी।

ट्रेन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

टनकपुर, अमृत विचार : शुक्रवार की रात को खाना खाने के बाद रेलवे पटरी के पास से गुजर रहे एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार 27 की रात करीब 11 बजे मथुरा से टनकपुर आ रही ट्रेन के इंजन से एक व्यक्ति टकरा गया। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश की। खोजबीन के बाद फागपुर के नजदीक जख्मी व्यक्ति रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में बेहोशी की हालत में मिला। घायल व्यक्ति को फौरन टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने युवक मृत घोषित किया। मृतक की पहचान रितेश कुमार पुत्र स्व. रमेश कुमार फागपुर, बनबसा के रूप में हुई है।

अल्मोड़ा में शनिवार को मेयर को ज्ञापन सौंपते पार्षद।।

समस्याओं के निदान के लिए पार्षद मुखर

अल्मोड़ा, अमृत विचार : नगर की तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर पार्षद मुखर हो गए हैं। शनिवार को पार्षदों ने नगर निगम मेयर अजय वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जल्द समस्याओं के निदान की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि इन दिनों नगर के विभिन्न मोहल्लों में लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं। आए दिन कटखने बंदर लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। वही, सड़कों में आवारा जानवरों से यातायात बाधित हो रहा हैं। इसके अलावा मुख्य बाजार में सड़कों को दूरस्थ करने, नगर निगम आयुक्त की जल्द तैनाती करने, मानसून में भूस्खलन वाले क्षेत्रों में विशेष एहतियात बरतने और पुख्ता इंतजाम करवाने की बात भी कही, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद वैभव पांडे, हेम चंद्र तिवारी, वंदना वर्मा, अंजू बिष्ट, कंचन दुर्गापाल, कुलदीप मेर, गीता बिष्ट समेत अन्य मौजूद रहे।

नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का सेना के दीवान सिंह हाल में भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। यहां प्रशिक्षार्थियों और प्रशिक्षकों की भव्य कथक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडम कमांडेंट कर्नल ब्रिजेश सिंह सावियन, विशिष्ट अतिथि कैंट सीईओ कुनाल रोहिला, पूर्व निदेशक रक्षा संपदा डॉ. डीएन यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक समिति सदस्यों ने बैज अलंकरण और पौध देकर अतिथियों का हरित स्वागत किया। भावनगर गुजरात से आए कथक प्रशिक्षक जिगर भट्ट और प्रो. निष्ठा देसाई ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का अंग वस्त्र और सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष विमल सती ने ऐपण कृति देकर सम्मानित किया। गुजरात से आए प्रशिक्षकों और प्रशिक्षक छह बालिकाओं का कुमाउनी टोपी पहनाकर सम्मातित किया।कार्यक्रम में कला संस्कृति एवं समाज सेवा के लिए मंजू साह, भुवन चंद्र साह और सतीश चन्द्र पाण्डेय सम्मानित किए गए वहीं सांस्कृतिक योगदान के लिए विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुनीता अधिकारी, सुनील मसीह, विनोद खुल्बे, रीतिका कांडपाल, विमला बिष्ट सम्मानित किए गए। कला क्षेत्र भावनगर की ओर से सांस्कृतिक समिति सदस्य सम्मानित किए गए। इस अवसर पर डॉ. जया पांडे, डॉ. अनिल जोशी, मोहन नेगी, हिमांशु उपाध्याय, राजेन्द्र पंत, गौरव तिवारी, गौरव भट्ट, अभिषेक कांडपाल, नेहा माहरा, गीता पवार, गीता जोशी, सोनू सिद्दीकी, अशोक पंत, परमवीर मेहरा आदि रहे।

कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला में नृत्य प्रस्तुत करते प्रतिभागी।

धोखाधड़ी में दो वर्ष छह महीने की सजा

पिथौरागढ़ : गंगोलीहाट में धोखाधड़ी करने वाले को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने दो वर्ष छह माह के कारावास और दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक भूपेंद्र सिंह निवासी दुर्गापुरी साई मंदिर के निकट गोमती नगर लखनऊ हाल निवासी काठगोदाम, हल्द्वानी द्वारा छल पूर्वक लाभ प्राप्त करने के लिए धोखाधड़ी का प्रयास किया गया था। इस मामले में उसके विरुद्ध भादवि धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष हीरा सिंह डांगी ने मामले की विवेचना की। मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गंगोलीहाट के न्यायालय में चला। अभियोजन पक्ष की आरे से अभियोजन अधिकारी शोभित कुमार ने पैरवी की।

दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में अनामिका बिष्ट का चयन

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: लोहाघाट की कराटे खिलाड़ी अनामिका बिष्ट ने चम्पावत जनपद को गौरवान्वित करने वाला कार्य किया है। 4वीं कियो नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 47 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली अनामिका का चयन अब साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जो 4 से 7 जुलाई तक कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित की जाएगी।

महज 15 वर्षीय अनामिका बिष्ट पुत्री मीनाक्षी बिष्ट एवं हरीश सिंह बिष्ट ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। उनकी नियमित प्रशिक्षण युवा भवन, लोहाघाट में कोच दीपक सिंह अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट के निर्देशन में सम्पन्न हुई। जिसने उनके खेल कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीडीओ डॉ. जीएस खाती ने अनामिका को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल चम्पावत ही नहीं बल्कि उत्तराखंड राज्य के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण है कि हमारी बेटियां अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करने जा रही है।

चम्पावत में खिलाड़ी अनामिका बिष्ट को बधाई देते सीडीओ डॉ. जीएस खाती।

बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर लगाई रोक

पिथौरागढ़, अमृत विचार : आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ होने और वर्तमान में वर्षाकाल को देखते हुए जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने सभी अधिकारियों को बिना उनकी अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश जारी किए हैं।

कहा कि इस अवधि में सामान्य अवकाश के लिए विचार नहीं किया जायेगा। अपरिहार्यता/आकस्मिकता की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी की पूर्वानुमति उपरांत ही किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यालयों में अनुश्रवण कराने के निर्देश जारी किए हैं।

प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर

ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

पुरी रथ यात्रा

- **मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ**

पुरी, एजेंसी

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

एक नजर

बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

चामराजनगर। कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

जम्मू कश्मीर में 3.6 तीव्रता का भूकंप

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को 3.6 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। अधकारियों ने बताया कि भूकंप जम्मू-कश्मीर में शाम 7:36 बजे नौ किलोमीटर की गहराई में आया था। हालांकि, इस भूकंप में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

संसदीय समिति ने किया वैष्णो देवी मंदिर का दौरा

जम्मू। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी संसद की स्थायी समिति ने शनिवार को जम्मू कश्मीर के कटरा क्षेत्र में माता वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया तथा बोर्ड की सुविधाओं, लोक शिकायत एवं निवारण प्रणाली की समीक्षा की। सांसद बृजलाल के नेतृत्व में समिति इस समय जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर है। बृजलाल ने कटरा में कहा, मेरे दौरे का उद्देश्य सुविधाओं और शिकायत निवारण व्यवस्था के बारे में अधिकारियों से बात करना है।

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

गोधरा, एजेंसी

- **वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

समन जारी करने का आदेश सोच-समझकर दें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, समन जारी करना गंभीर मुद्दा है और यह अनिवार्य है कि समन जारी करने के आदेश में यह नजर आए कि विवेक का इस्तेमाल किया गया तथा तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों को परखा गया है।

बिहार में ईसी ने मतदाता सूची का शुरू किया गहन पुनरीक्षण

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। ईसी ने उस संवैधानिक प्रावधान की भी याद दिलाई, जिसके तहत केवल भारतीय नागरिक ही मतदान कर सकते हैं।

निर्वाचन निकाय ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता निर्दिष्ट की गई है, जिसके आधार पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय तथा उस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन अधिकारी इस वर्ष बिहार से शुरुआत करते हुए छह राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके प्रवासियों को बाहर निकालना है। बिहार में विस चुनाव होने हैं, जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव 2026 में होने हैं। आयोग के पास 78 हजार बीएलओ हैं और नए केंद्रों के लिए 20 हजार बीएलओ की नियुक्ति हुई है।

उकसावे पर भारत फिर करेगा कार्रवाई : थरूर

अहमदाबाद, एजेंसी

- **बोले- ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया को ये बताने में सक्षम की भारत ने संयम व जिम्मेदारी से काम किया**

शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अन्य देशों को स्पष्ट बताया गया कि यदि उकसावे की कोई कार्रवाई हुई तो भारत फिर कदम उठाएगा। थरूर ने कहा कि आपातकाल की 50वीं बरसी पर राजनीतिज्ञों को राजनीतिक फायदे के बजाय संविधान और हमारे संस्थापकों के मूल्यों के प्रति स्वयं को नए सिरे से समर्पित करना चाहिए। थरूर ने अहमदाबाद प्रबंधन संघ में चर्चा में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने दुनिया को बताया कि उसने संयम और जिम्मेदारी से काम किया।

उन्होंने कहा कि कोलंबिया ने पाकिस्तान में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की थी, लेकिन बाद में उसे वापस ले लिया। थरूर ने कहा कि अन्य स्थानों पर, हम बहुत उच्च पदस्थ लोगों से यह कहलवाने में सफल रहे कि वे न केवल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का सम्मान करते हैं और उसका समर्थन करते हैं, बल्कि उन्होंने वास्तव में हमारे संयमित तरीके से जवाब देने की सराहना की, लेकिन उन्हें इससे आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए कि यदि आतंकी हमला दोबारा हुआ, तो हम फिर से कार्रवाई करेंगे और हम चाहते हैं कि वे पहले से ही इस बारे में समझ लें। मेरा मानना है कि हमने अपनी भावनाओं और इरादों के बारे में सभी को कोई संदेह नहीं होने दिया है।

थरूर ने कहा कि भारत ने शुरू से ही संकेत दे दिया था कि वह लंबे संघर्ष या युद्ध शुरू करने में दिलचस्पी नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि हमारी रुचि आतंकियों से बदला लेने में थी और हमने केवल आतंकी शिविरों और ठिकानों पर ही हमला किया। भारत का रुख यह था कि यदि पाकिस्तान हमला करता है, तो हम जवाब देंगे, यदि वह रुकता है, तो हम रुक जाएंगे। जिस दिन उन्होंने संकेत दिया कि वे रुकेंगे, भारत शुरू से ही रुकने को तैयार था और किसी को भी भारत को रुकने के लिए मनाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी यही कहा है।

कारोबार/कृषि

किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- **पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम**

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ

बात काम की

हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।

क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी

विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति**

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

	ओवर	रन	विकेट
पहली पारी	20	128	3
दूसरी पारी	15	92	2

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं। हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन

सिडनी, एजेंसी : आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता लाऊं

नई दिल्ली : भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को यह पद छोड़ना पड़ा। नायर ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में अहम भूमिका निभाएगा।

नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करती भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 211 रनों का लक्ष्य

नॉटिंघम, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना (112) और हरलीन देओल (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 77 रन जोड़े। नौवें ओवर में एमिली आरलट ने शेफाली वर्मा (20) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 94रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल ने हरलीन देओल को आउटकर इंग्लैंड के लिए दूसरा विकेट लिया। हरलीन देओल ने 23 गेंदों में सात चौकों की मदद से (43) रन बनाये। ऋचा घोष (तीन) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (शून्य) लॉरेन बेल का शिकार बनी। 20वें ओवर में भारत का पांचवां विकेट स्मृति मंधाना के रूप में गिरा। मंधाना ने 62 गेदों में 15 चौके और तीन छक्कों की मदद से (112) रनों की पारी खेली। भारतीय महिला टीम ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

भारत

210/5 (20 ओवर)

शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट	20
स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन	112
हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल	43
रिचा घोष का डंकले बो बेल	12
जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल	00
अमनजोत कौर नाबाद	03
दीप्ति शर्मा नाबाद	07

गेंदबाजी : लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

एक नजर

म्यांमार के यांगून में शनिवार को म्यांमार कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

लोवा (अमेरिका) : भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में पहुंची

हैम्बर्ग (जर्मनी) : भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

चियांग माइ (थाईलैंड) : एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

ब्रिजटाउन, एजेंसी : आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63)और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढत मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाए थे। तीन टेस्ट की श्रृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जाएगा।

● **जोश हेजलवुड ने पांच विकेट विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ी**

इंडिया ओपन एथलेटिक मीट

बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया जयसूर्या ने लिए पांच विकेट

कोलंबो : बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट की मदद से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को एक पारी और 78 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिये भेजने के लिए 97 रन और बनाने थे। लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिये जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर आउट हो गई जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाये थे। श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्धशतक शामिल हैं। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा कि वह टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा देंगे ताकि विभिन्न प्रारूपों में कप्तानी में निरंतरता रहे।

भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

कोलंबो, एजेंसी : कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

● **मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी**

भारतीय महिला टीम का खराब प्रदर्शन जारी

एफआईएच प्रो लीग

● **चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को लगातार सातवीं हार मिली**

बर्लिन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वे पुश को रोक नहीं पाए।

सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

नॉटिंघम, एजेंसी

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा। इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखाता है। मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

● **भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य**

● **पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा**

नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर

लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।

स्कॉर्लेट सेल्स उत्सव

द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम-13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।

हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

एक नजर

रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

मॉस्को। रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक-18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

रोम। इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

मुंबई। मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।

इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

दुबई। इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे

तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

इस्तांबुल। तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

गाजा में इजराइली हमलों से 60 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

वाशिंगटन। अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

कोलकाता, एजेंसी

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

इटली, एजेंसी

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।

- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी । उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

मुंबई। चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बिना कोई विशेष विवरण दिए बताया कि विमान सुरक्षित तरीके से मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि मुंबई में हवाई अड्डे पर उसके कर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

भव्य — अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

वेनिस, एजेंसी

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।

सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।